


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 133 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 28 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास-खबर

### मयंक अग्रवाल बने पंजाब किंग्स के कप्तान, आईपीएल में पहली बार किसी टीम की कप्तानी करेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल टीम पंजाब किंग्स ने मयंक अग्रवाल को अपना नया कप्तान नियुक्त किया है। पंजाब की टीम आईपीएल 2022 में मयंक की अगुवाई में ही खेलेगी। मयंक अग्रवाल से पहले लोकेश राहुल इस टीम के कप्तान थे। अग्रवाल ने इससे पहले किसी आईपीएल टीम की कप्तानी नहीं की है। हालांकि, इस सीजन में पहले से ही उनका कप्तान बनना तय माना जा रहा था। मेगा ऑक्शन से पहले पंजाब की टीम ने सिर्फ दो खिलाड़ियों को रीटेन किया था। मयंक अग्रवाल पहले खिलाड़ी थे, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने जाने से रोका था। उनके अलावा अनकैप्ड तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को रीटेन किया गया था। इसके बाद मयंक का कप्तान बनना तय माना जा रहा था।

पंजाब किंग्स की टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर नए कप्तान का एलान किया है। टीम का कप्तान बनाए जाने पर अग्रवाल ने कहा कि वो आईपीएल 2022 में पंजाब किंग्स की कप्तानी मिलने पर बहुत ही खुश हैं। इस बार वो पंजाब के लिए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। पंजाब की टीम अब तक कोई आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाई है।

### ट्रैक्टर पलटने से स्टेयरिंग में फंसी ड्राइवर की गर्दन, जद्दोजहद के बाद ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाली

**शिवपुरी ( एजेंसी )।** शिवपुरी जिले में ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की गर्दन स्टेयरिंग में फंस गई, जिसे ग्रामीणों ने काफी जद्दोजहद के बाद सुरक्षित बाहर निकाल दिया। हैरान करने वाली बात ये है कि इस हादसे में ड्राइवर को किसी भी तरह की चोट नहीं आई।

घटना जिले के करैरा थाना अंतर्गत बगेदरी की बताई जा रही है। अवैध खनन करने गए युवक संजीव की गर्दन ट्रैक्टर की स्टेयरिंग में फंसने से उसकी जान पर बन आई। लेकिन स्टेयरिंग में ड्राइवर की गर्दन फंसी देखकर घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने ड्राइवर की गर्दन को स्टेयरिंग से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने टैक्टर पलटने की सूचना पुलिस को दिए बिना ही ड्राइवर को निकाल लिया।

## पीएम मोदी की हाई लेवल मीटिंगः यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजे जाएंगे चार केंद्रीय मंत्री

# छात्रों की निकासी में करेंगे मदद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यूक्रेन संकट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। सरकारी सूत्रों की मानें तो कुछ केंद्रीय मंत्री भारतीयों की निकासी में समन्वय के लिए यूक्रेन के पड़ोसी देशों में जा सकते हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरेन रिजिजू और जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह शामिल हैं। निकासी मिशन के दौरान ये लोग समन्वय और छात्रों की मदद को लेकर काम करेंगे। रूसी हमले के बाद यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने की कवायद के बीच पीएम मोदी ने रविवार को उच्च स्तरीय बैठक पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्रों की सुरक्षा और उनकी जल्द वापसी सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पीएम मोदी ने रविवार को भी एक हाई लेवल मीटिंग की थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि उक्त बैठक दो घंटे से भी लंबी चली। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार से लौटने के तत्काल बाद इस बैठक की अध्यक्षता की।



### पुतिन और जेलेंस्की से बात कर चुके हैं पीएम मोदी

मालूम हो कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के मद्देनजर पैदा हुई वैश्विक स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से पिछले दिनों बात की थी और हिंसा रोकने और वार्ता शुरू करने की अपील की थी। इसके बाद शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मोदी से बातचीत की और अपने देश के खिलाफरूस के सैन्य हमले को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत से राजनीतिक समर्थन मांगा।

### भारत ने दोनों देशों के बीच शांति बहाली पर जोर दिया

इस दौरान, भारत ने दोनों देशों के बीच शांति बहाली के प्रयासों में किसी भी तरह से योगदान करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने वहां जारी संघर्ष की वजह से जान व माल को हुए नुकसान पर गहरी पीड़ा जाहिर की। उन्होंने भारतीय नागरिकों को जल्द और सुरक्षित निकालने के लिए यूक्रेन के अधिकारियों से जरूरी कदम उठाने का भी अपील की।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड ने जारी किया दसवीं और बारहवीं का प्रवेश पत्र



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने राज्य में दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। जो भी छात्र इस बार बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, वह CGBSE की आधिकारिक वेबसाइट cgbse.nic.in पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को अपने पंजीयन नंबर और जन्मतिथि आदि का प्रयोग कर के लॉगिन करना होगा।

### कब होगी परीक्षा?

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ओर से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 3 मार्च, 2022 से शुरू की जाएगी और 23 मार्च को समाप्त होंगी। वहीं, बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 2 मार्च, 2022 से शुरू होकर 30 मार्च, 2022 को समाप्त होगी। हालांकि, कोरोना महामारी के कारण इन तारीखों में बदलाव भी किए जा सकते हैं। अनुमान के मुताबिक इस बार बोर्ड परीक्षा में 6 लाख से अधिक छात्र शामिल होने वाले हैं।

### एक दिन में एक ही पाली

छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षा में एक दिन में केवल एक ही पाली होगी। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। छात्रों को प्रश्न पत्र 9 बजकर 5 मिनट पर दिए जाएंगे और 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रश्नों को पढ़ने के लिए होगा। खबरों के अनुसार इस बार कोरोना महामारी के कारण छात्रों की पढ़ाई को हुए नुकसान को देखते हुए पाठ्यक्रमों के सिलेबस में कटौती भी की गई है।

## यूक्रेन से लौटे छात्रों से मिले, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा-प्रदेश सरकार उठाएगी पूरा खर्च

**नई दिल्ली रायपुर।** यूक्रेन से भारत लौट छत्तीसगढ़ के छह छात्रों से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी का हालचाल पूछा। साथ ही उन्होंने कहा है कि यूक्रेन से निजी खर्चे पर छत्तीसगढ़ लौटने वाले छात्रों और नागरिकों के खर्च का वहन छत्तीसगढ़ सरकार करेगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने भारत सरकार द्वारा विमान व्यवस्था से यूक्रेन से लौटने वाले छत्तीसगढ़ के छात्रों और नागरिकों के दिल्ली-मुंबई से छत्तीसगढ़ पहुंचने के लिए भी सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने छात्रों और नागरिकों को उनके सकुशल घर वापसी के लिए दिल्ली में छत्तीसगढ़ के नोडल अधिकारी के साथ ही इस कार्य से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए है।




# महाशिवरात्रि कल

## करें अभिषेक, मनोकामनाएं होंगी पूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व हर साल हजारों सालों में मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा पूरे उत्साह के साथ की जाती है। भगवान शिव के भक्तों का यह सबसे बड़ा त्योहार महाशिवरात्रि एक मार्च 2022 मंगलवार मनाई जाएगी। पिछले दो सालों से कोरोना महामारी के कारण शिवालयों में भक्तों को जाने का और हर्षोल्लास से महाशिवरात्रि मनाने का मौका नहीं मिला था। मगर, अब जबकि कोरोना की वैक्सीनेशन हो चुकी हैं और कोरोना को लेकर नियमों में ढील भी दी जा रही, तो एक बार फिर से पहले की तरह ही इस बार भी शिवभक्तों को रुद्राभिषेक करने का मौका मिलेगा।

इंदौर के ज्योतिषाचार्य पंडित गिरीश व्यास ने बताया कि कहते हैं कि भोलेनाथ तो इतने सरल और सहज हैं कि यदि भक्ति भावना से अर्पित किया जाए, तो वह महज एक लोटा जल से ही संतुष्ट हो जाते हैं। मगर, उन्हें रुद्राभिषेक बहुत पसंद है। शिव पुराण में लिखा है कि जो भक्त सही विधि के साथ शिवजी का अभिषेक करता है, उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है।

## कर्नाटक में फिर से खुले स्कूल-कॉलेज, बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के बाद किए थे बंद

**शिवमोगा ( एजेंसी )।** कर्नाटक में स्कूल-कॉलेज सोमवार, 28 फरवरी, 2022 को फिर से खुल गए हैं। शिवमोगा शहर से सुबह स्कूल और कॉलेज जाते हुए कई छात्र-छात्राओं की तस्वीरें सामने आई हैं। शहर में करीब एक सप्ताह के बाद स्कूल-कॉलेज फिर से खोले गए हैं। हालांकि, राज्य सरकार के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन ने क्षेत्र में धारा-144 लागू रहने की समय-सीमा को आगे बढ़ा दिया है।

राज्य के शिक्षण संस्थानों में जारी हिजाब पहनने और नहीं पहनने को लेकर विवाद के बीच क्षेत्र में उस वक्त तनाव बढ़ गया था, जब शिवमोग्गा में संघ परिवार के संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की निर्मम हत्या कर दी गई थी। हिजाब विवाद के बीच इस हत्याकांड के कारण सांप्रदायिक तनाव बिगड़ने की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार ने क्षेत्र में धारा-144 लागू कर दी थी। इसके साथ ही सभी स्कूल और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों को बंद करने का आदेश भी दिया गया था।



### विद्यार्थियों की परीक्षाओं का समय नजदीक

हालांकि, हत्याकांड के बाद करीब एक सप्ताह राज्य में शांति बनी हुई है। धारा-144 के कारण कोई बड़ी घटना भी नहीं घटी और न ही कोई बड़ा विरोध-प्रदर्शन हुआ। ऐसे में राज्य सरकार ने धारा-144 को आगे बढ़ा दिया है। वहीं, स्कूल और प्री- यूनिवर्सिटी कॉलेज भी पुनः खोल दिए हैं, क्योंकि विद्यार्थियों की परीक्षाओं का समय नजदीक है।

### हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, जल्द सुनाएगा फैसला

वहीं, कर्नाटक उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने हिजाब मामले में दायर सभी पक्षों की अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है और मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। उम्मीद की जा रही है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाली पीठ मामले में जल्द फैसला सुना सकती है।

## कोरोना पर जीत के करीब देश! बीते दिन 8 हजार नए केस मिले, डेली पॉजिटिविटी रेट 1.11 प्रतिशत हुआ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमण के 8,013 नए केस मिले और 119 मरीजों की मौत हुई। इस दौरान 16,765 लोग रिकवर हुए, जिससे अब तक ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,23,07,686 हो गई। फिलहाल 1,02,601 एक्टिव केस हैं जिसकी दर 0.24 प्रतिशत है।

इस समय देश में डेली पॉजिटिविटी रेट 1.11 प्रतिशत है और वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.17 प्रतिशत है। रविवार को देश भर में 7,23,828 कोरोना टेस्ट हुए। अब तक 76.74 करोड़ टेस्ट हो चुके हैं। मालूम हो कि कोविड-19 के खिलाफ वैक्सीनेशन कैंपेन जारी है। देश भर में अब तक 177.50 करोड़ वैक्सीन डोज लग चुकी हैं।

राजस्थान में रविवार को कोरोना के पांच सौ से अधिक नए मामले सामने आने के साथ दो और मरीजों की मौत हो गई। चिकित्सा विभाग के अनुसार प्रदेश में 531 नए मामले सामने आए। चौबीस घंटों में इनमें 117 की कमी हुई। नए मामलों में सर्वाधिक 191 नए मामले जयपुर जिले में सामने आए। इसके अलावा राजसमंद में 42, उदयपुर में 24, जोधपुर, गंगानगर में 22-22, बीकानेर में 21, कोटा-बांसवाड़ा में 20-20 नए मामले सामने आए। बूंदी, दौसा, जालोर एवं टोंक में एक भी नया मामला सामने नहीं आया।



### दिल्ली में रविवार को कोरोना के 484 नए मामले सामने आए

दिल्ली में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 484 नए मामले सामने आए और तीन मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही संक्रमण की दर 0.95 प्रतिशत दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के अब तक 18,59,634 मामले सामने आ चुके हैं और महामारी से 26,122 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, एक दिन पहले 50,759 नमूनों की जांच की गई थी। दिल्ली में शनिवार को संक्रमण के 440 मामले सामने आए थे, दो मरीजों की मौत हुई थी और संक्रमण की दर 0.83 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

### अरबपतियों ने चुकाई पुतिन की जिद की कीमत, चार दिन में 126 अरब डॉलर का नुकसान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की जिद देश के अबरपतियों पर भारी पड़ती जा रही है। गुरुवार को पुतिन ने यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई करने का आदेश दिया और देश के अमीरों के बुरे दिन शुरू हो गए। दोनों देशों के बीच युद्ध के चार दिन बीत चुके हैं और इस दौरान रूसी अरबपतियों को 126 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा है। यूक्रेन पर हमले के एलान के साथ ही गुरुवार को शेयर बाजार के लिए ब्लैक मंडे के बाद सबसे बुरा दिन रहा और देश का शेयर बाजार भरभराकर गिर गया। इस गिरावट की वजह से एक दिन में ही रूसी अरबपतियों की संपत्ति में बड़ी गिरावट आई। युद्ध का असर सिर्फ शेयर बाजार पर ही नहीं पड़ा, बल्कि इसके असर से रूसी करेंसी रूबल का भी बुरा हाल हो गया और इसने अपने सर्वकालिक निचले स्तर का छू लिया।

## मकसद का पूर्ण अभाव होना आरोपी के पक्ष में जाता है, सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोपी को किया बरी

**नई दिल्ली/रायपुर ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने 1997 में हुई एक हत्या मामले में उम्रकैद की सजा पाए एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि मकसद का 'पूर्ण अभाव' होना एक अलग रंग लेता है और निश्चित रूप से यह आरोपी के पक्ष में जाता है। जस्टिस यू.यू. ललित, जस्टिस एस.आर. भट्ट और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की बेंच ने साथ ही यह टिप्पणी भी की कि इसका अर्थ यह नहीं है कि मकसद के अभाव में अभियोजन के मामले को खारिज कर दिया जाना चाहिए। बेंच ने 2014 में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट द्वारा सुनाए गए आदेश को खारिज कर दिया। मामले में दोषी ठहराने और उम्रकैद की सजा सुनाने के निचली अदालत के आदेश को आरोपी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उसकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।



बेंच ने 25 फरवरी के अपने आदेश में कहा कि ऐसा नहीं है कि केवल आरोपी का मकसद एक अहम कड़ी होता है, जिसे अभियोजन को साबित करना होता है। उसके अभाव में अभियोजन का मामला खारिज नहीं किया जा सकता है, लेकिन इसके साथ ही मकसद का पूर्ण अभाव मामले को नया रूप देता है और इसकी अनुपस्थिति निश्चित ही आरोपी के पक्ष में जाती है। अभियोजन के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका बेटा 13 जनवरी, 1997 के बाद से लापता है, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद, 17 जनवरी, 1997 को एक तालाब से व्यक्ति के बेटे का शव मिला था और मामले को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302(हत्या) के रूप में बदल दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता नंदू सिंह को मामले में गिरफ्तार किया गया था और ऐसा बताया गया है कि उसके बयान के आधार पर कई साक्ष्य सामने आए। याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि यह मामला परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित है और अभियोजन ने हत्या के पीछे नंदू सिंह का कोई मकसद नहीं बताया है।

## संपादकीय

# मौसम की मार

हर साल मई-जून के महीने में नैनीताल से ऐसी खबरें और तस्वीरें आती हैं कि वहां की प्रसिद्ध झील का पानी सूख रहा है और उसका जलस्तर काफी नीचे पहुंच गया है। पिछले साल भी यही हुआ था। लेकिन इसके बाद अक्तूबर में वहां जब जमकर बारिश हुई, तो बढ़े जलस्तर के कारण ऐसी बाढ़ आई कि पिछले तमाम रिकॉर्ड टूट गए। याद करें, तो कुछ साल पहले ऐसी ही एक अतिवृष्टि दक्षिण भारत के मुन्नार में हुई थी, जिससे भारी तबाही मची थी। यह दुनिया भर में हो रहा है। कुछ महीने पहले ऐसी ही एक मौसमी परिघटना ब्राजील में कुछ ज्यादा ही बड़े पैमाने पर हुई थी और वहां 175 लोगों की जान चली गई थी। पिछले कुछ साल से जब कहीं अतिवृष्टि होती है या सूखा पड़ता है, तो बहुत आसानी से कह दिया जाता है कि यह सब ग्लोबल वार्मिंग का नतीजा है। लेकिन इसमें ग्लोबल वार्मिंग का कैसा योगदान है, यह बहुत साफ नहीं था, मगर अब ऑस्ट्रेलिया के कुछ शोधार्थियों ने इसके रहस्य की पूरी थाह पा ली है।

> “जल चक्र अगर तेज होता रहा, तो उसका असर हमारी बहुत सी चीजों पर पड़ेगा, खासकर कृषि पर। कृषि को इन नई जरूरतों के हिसाब से ढालना हमारी बहुत बड़ी जरूरत बन चुकी है। यह हमारी खाद्य सुरक्षा के हिसाब से भी जरूरी है और उन किसानों के रोजगार के हिसाब से भी, जिनकी आजीविका इसी से चलती है, जिसे लेकर न सरकारें ज्यादा चिंतित दिख रही हैं, और न किसान संगठन। विशेषज्ञों को इस दिशा में सबका ध्यान खींचने के प्रयास करने चाहिए।

वैज्ञानिक इस बात को पहले ही समझ रहे थे कि गरमी बढ़ने के साथ ही पानी के वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज हुई है। लेकिन मौसम की अति में इसका कितना योगदान है, यह साफ नहीं था। इस शोध में प्राकृतिक पानी के भाप बनने की मात्रा का अध्ययन किया गया। दिलचस्प बात यह है कि इस शोध में पर्यावरण विज्ञानी तो शामिल थे ही, लेकिन मुख्य भूमिका में गणितज्ञ थे। इसी से यह आकलन हो सका कि कितना पानी भाप बनता है और फिर किस तरह बरसता है। वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण वह प्रक्रिया बहुत तेज हो गई है, जिसे हम जलचक्र कहते हैं। यानी पहले पानी भाप बनकर क्षितिज पर पहुंचता है और फिर वहां से बादल बनकर बरस जाता है। गरमी के कारण जितना पानी भाप बनता है, उतना ही बरस भी जाता है। यानी जितनी गरमी, उतनी ही बारिश। इस समय पूरी दुनिया में यही हो रहा है। दुनिया का 80 फीसदी पानी समुद्र से ही भाप बनता है और फिर उसी पर बरस जाता है। समुद्र का खारा पानी जब भाप बनता है, तो उसमें लवण की मात्रा बढ़ जाती है और जब उस पर बरसता है, तो घट जाती है। शोधकर्ताओं ने 1970 से 2014 तक के आंकड़ों के आधार पर समुद्र में लवण की मात्रा का अध्ययन भी किया। उन्होंने पाया कि जल चक्र तेज हो जाने के कारण धरती का मीठा पानी काफी ज्यादा मात्रा में समुद्र में पहुंच रहा है, जिससे समुद्र का खारापन कम हो रहा है। शोध में पाया गया कि पहले जितना अनुमान था, उससे चार गुना तक ज्यादा मीठा पानी समुद्र में पहुंच रहा है। समुद्र के बढ़ते जलस्तर और उसमें कई देशों के डूब जाने की जो चर्चा हम काफी समय से पढ़ते रहे हैं, उसका एक कारण यह भी है। यह जल संकट का कारण भी बनता जा रहा है। जल चक्र अगर तेज होता रहा, तो उसका असर हमारी बहुत सी चीजों पर पड़ेगा, खासकर कृषि पर। कृषि को इन नई जरूरतों के हिसाब से ढालना हमारी बहुत बड़ी जरूरत बन चुकी है। यह हमारी खाद्य सुरक्षा के हिसाब से भी जरूरी है और उन किसानों के रोजगार के हिसाब से भी, जिनकी आजीविका इसी से चलती है, जिसे लेकर न सरकारें ज्यादा चिंतित दिख रही हैं, और न किसान संगठन। विशेषज्ञों को इस दिशा में सबका ध्यान खींचने के प्रयास करने चाहिए।

> “वह उदारवाद भी अब हवा होता जा रहा है, जो लोकतंत्र के गायन का सरगम बनता था। हमें नहीं पता कि अगर विचारधाराओं की रंजिश नहीं रही, तो नया शीत युद्ध कैसा होगा? ठीक यहीं पर कार्ल मार्क्स की याद आती है। मार्क्स ने कहा था, इतिहास में घटनाएं दो बार घटित होती हैं, पहली बार त्रासदी की तरह, दूसरी बार विद्रूप की तरह।

# पुराने शीत युद्ध का नया ताप

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार



जिनकी उम्मीद बांधी गई थी, वे अच्छे दिन तो खैर कभी नहीं आए, लेकिन यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से शीत युद्ध के पुराने बुरे दिन लौटने की चिंता पूरी दुनिया को सताने लग पड़ी है। जिस तनाव को पूरी दुनिया ने दूसरे विश्वयुद्ध के बाद लगभग आधी सदी तक झेला था, उसके कदमों की आहट अब फिर सुनाई देने लगी है। 1992 में जब सोवियत संघ के विखंडन के साथ ही शीतयुद्ध खत्म हुआ था, तो ढेर सारी उम्मीदें बांधी गई थीं। कहा गया था कि दुनिया अब एक ध्रुवीय हो जाएगी, तो इसके कई मसले अपने-आप सुलझने लगेंगे। प्रसिद्ध राजनीतिशास्त्री फ्रांसिस फुकूयामा तो यहां तक कह बैठे थे कि इतिहास के अंत की शुरुआत हो चुकी है। वे मान रहे थे कि दुनिया का राजनीतिक विकास अपनी अंतिम परणति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुराने दुखों से मुक्त हुई दुनिया ने अपने लिए नए गम तलाश लिए। ठीक इसी समय एक अन्य राजनीतिशास्त्री और फुकूयामा के गुरु सैमुअल पी हटिंग्टन ने सभ्यताओं के टकराव का सिद्धांत दिया। बाद के एक दो दशक के घटनाक्रमों का दौर हमने सभ्यताओं के टकराव को सूंघते हुए बिता दिया।

पिछले कुछ समय से ये दोनों ही सिद्धांत ठंडे बस्ते में जा चुके हैं और शीत युद्ध की वापसी के चर्चे शुरू हो गए हैं। हालांकि, अभी तक यही कहा जा रहा था कि इस बार कोई सोवियत संघ नहीं है, इसलिए शीत युद्ध अमेरिका और चीन के बीच चलेगा। चीन का तो पता नहीं, लेकिन अमेरिका ने इसे काफी गंभीरता से लिया था और भारत को जोड़कर क्वाड जैसे जो संगठन बनाए, उन्हें शीत युद्ध की बयार ही माना गया। लेकिन अब जब समीकरण अचानक बदले हैं, तो लग रहा है कि नया शीत युद्ध भी वहीं खड़ा है, जहां पिछला चिर निद्रा में चला गया था। वही अमेरिका है, वही रूस है और वही नार्द अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन यानी नाटो है। यह भी कहा जा रहा है कि शीत युद्ध खत्म ही कहां हुआ था। वह बस एक नरम दौर में चला गया था और गरम वापस आ गया। रूस और यूक्रेन का युद्ध हो सकता है, कल को खत्म भी हो जाए, लेकिन दुनिया के चेहरे पर जो ताजा तनाव उभरे हैं, उनकी छाप जल्दी नहीं छूटने वाली। उसके बाद जो बच जाएगा, वह शीत युद्ध ही होगा।

रूस की यूक्रेन से पुरानी अदावत है। जार और उसके बाद सोवियत दौर की वह ग्रंथि है, जो कई इलाकों को अपने अधीन देखना चाहती है। पुतिन के बारे में कहा भी जाता है कि उन्होंने अपने आप को किसी सम्राट की तरह देखना शुरू कर दिया है। पिछले सप्ताह उन्होंने जो भाषण दिया था, उसमें वह उस इतिहास का जिक्र बार-बार करते रहे। फिर रूस का एक डर यह भी है कि यूक्रेन की वजह से नाटो उसके दरवाजे तक पहुंच सकता है। लेकिन अमेरिका की दिक्कत उससे कहीं बड़ी है। वह जिस विश्व व्यवस्था को बनाने के लिए पिछले काफी समय से हाथ-पांव मार रहा है, उसके सिरे लगातार उलझ रहे हैं। अफगानिस्तान से निकलने के बाद अब उसके पास न तो ऐसा कोई मुद्दा है और न ही कोई ऐसा मंच, जहां खड़े होकर वह अपनी मुनादी पीट सके। रूस से होने वाला एक नया शीत युद्ध उसकी विदेश नीति को वह मकसद दे सकता है, जिसे वह पिछले काफी समय से चीन में ढूंढ़ने की कोशिश कर रहा है।

लेकिन क्या यह शीत युद्ध वैसा ही होगा, जैसा कि पिछला था? शीत युद्ध की शुरुआत हम 1947 से मानते हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति हेनरी एस ट्रूमैन ने यह सिद्धांत दिया कि अमेरिका अपने मित्रों के साथ सोवियत विस्तारवाद को रोकने की हर तरह से कोशिश करेगा। दुनिया भर में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने के आदर्श के साथ गढ़े गए इस सिद्धांत को ट्रूमैन डॉक्टरिन कहा गया। यह बात अलग है कि सोवियत संघ का विरोध करने के लिए अमेरिका ने लोकतंत्रों से ज्यादा तानाशाहियों को समर्थन दिया। सोवियत संघ का मुकाबला करने के लिए भारत का लोकतंत्र उसे कभी उतना मुफीद नहीं लगा, जितनी पाकिस्तान की फौजी सरकारें। इसी ट्रूमैन डॉक्टरिन के दो साल बाद नाटो का गठन हुआ, जो सोवियत संघ का मुकाबला करने के लिए बना एक फौजी गठजोड़ था। दिलचस्प बात यह है कि सोवियत संघ के विस्तारवाद का मुकाबला करने के लिए बनी यह सैनिक व्यवस्था उसके विखंडन के बाद भी बरकरार रही, जिसे अब उसकी पुरानी भूमिका वापस मिलती नजर आ रही है।

बावजूद इसके कई कारण हैं, जिनसे 21वीं सदी का नया शीत युद्ध 20वीं सदी वाले पुराने शीत युद्ध से बहुत अलग होने वाला है। उस शीत युद्ध में एक दूसरे के खिलाफ खड़ी दो अलग विचारधाराएं थीं। एक दूसरे के खिलाफ खड़ी दो राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्थाएं थीं। एक तरफ सोवियत संघ का साम्यवाद था, जो यह मानता था कि उसने दुनिया की गति के परम सत्य को पकड़ लिया है और बस कुछ समय, कुछ कदमों की बात है, फिर पूरी दुनिया उसकी मुट्ठी में होगी। दूसरी तरफ अमेरिका था, जो यह मानता था कि खुला समाज और लोकतंत्र ही पूरी दुनिया की अंतिम नियति है। इसी के बल पर वह पूरी दुनिया का कल्याण करेगा। सोवियत संघ अगर साम्यवादी व्यवस्था में दुनिया का भविष्य देख रहा है, तो अमेरिका को लगता था कि दुनिया की खुशहाली पूंजीवाद से ही संभव है। लेकिन शीत युद्ध के 45 साल बीतते-बीतते सोवियत साम्यवाद हांफने लगा और अंत में गिरकर ढेर हो गया। उसके बाद पूरी दुनिया ने ही बहुत तेजी से पूंजीवाद को गले लगा लिया। यहां तक कि अपने आप को साम्यवादी कहने वाले चीन ने भी पूंजीवाद को दिल में बसा लिया।

यानी 21वीं सदी में अब हम जहां खड़े हैं, वहां परस्पर रंजिश पालने वाली वे विचारधाराएं नहीं हैं, जो लंबे समय तक शीत युद्ध को ऊर्जा देती रही थीं। बात सिर्फ साम्यवाद के विदा होने की ही नहीं है, अमेरिका भी लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की बात करता नजर नहीं आता। वह उदारवाद भी अब हवा होता जा रहा है, जो लोकतंत्र के गायन का सरगम बनता था। हमें नहीं पता कि अगर विचारधाराओं की रंजिश नहीं रही, तो नया शीत युद्ध कैसा होगा? ठीक यहीं पर कार्ल मार्क्स की याद आती है। मार्क्स ने कहा था, इतिहास में घटनाएं दो बार घटित होती हैं, पहली बार त्रासदी की तरह, दूसरी बार विद्रूप की तरह।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# वह 'पागल' देश का गौरव बन गया

मोफिजुद्दीन, फुटबॉल कोच



नगीने की पहचान तो कोई जौहरी ही कर सकता है, न जाने कब से यह मुहावरा देश-दुनिया में इस्तेमाल होता आ रहा है, मगर इस पर हमारा यकीन पुख्ता होता है मोफिजुद्दीन जैसे लोगों से, जो गुदड़ी के लालों को न सिर्फ पहचानते हैं, बल्कि उन्हें तराशते हैं और रत्न बनाकर अपने कौम को सौंप देते हैं।

बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में गारो पहाड़ियों की गोद में एक गांव है- कलसिंदुर। यहीं के प्राथमिक स्कूल में सहायक शिक्षक रहे मोफिजुद्दीन (मोफिज) ने एक ऐसा काम किया, जिस पर उनका मुल्क झूम उठा। दरअसल, अपने वजूद में आने के इन 50 वर्षों में बांग्लादेश ने न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता की कसौटी पर, बल्कि आर्थिक तरक्की के मेयार पर भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है, मगर उसके सुदूरवर्ती गांव आज भी अपने हिस्से की खुशहाली से वंचित हैं। इन गांवों में बेटियों को स्कूल मयस्सर हो जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं। ऐसे में, अगर वे अपने मुल्क के लिए फुटबॉल का पहला अंतरराष्ट्रीय तमगा जीत लाएं, तो इस पर आसानी से यकीन नहीं होता। मगर आज से छह साल पहले ताजिकिस्तान की राजधानी में बांग्लादेश की बेटियों ने एएफसी अंडर-14 कप जीतकर यह कारनामा कर दिखाया। इसके शिल्पकार थे मोफिजुद्दीन।

मोफिज एक बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। हालत यह थी कि बमुश्किल परिवार का गुजारा हो पाता था, मगर वह सब्र और परिश्रम का दामन थामे अपने कर्तव्य-पथ पर बढ़ते रहे। बचपन से ही मोफिज को खेलने-कूदने का बड़ा शौक था, लेकिन हालात ने इतनी मोहलत ही नहीं दी कि वह अपनी इच्छा के लिए कुछ कर पाते। ऐसे में, जब स्कूल की प्रिंसिपल मिनती रानी शीला ने कहा कि वह बच्चों में खेल-कूद की प्रतिभा निखारने की जिम्मेदारी संभालें, तो मोफिज को लगा, जैसे वर्षों पुरानी कोई मुराद पूरी हो गई।

साल 2011 की बात है। प्रिंसिपल शीला ने मोफिज से कहा कि वह लड़कियों की एक फुटबॉल टीम तैयार करें, जो प्राथमिक शिक्षा बोर्ड की राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में स्कूल की नुमाइंदगी कर सके। बहुत कठिन जिम्मेदारी थी। जहां लड़कियों को स्कूल भेजना ही मां-बाप को गवारा न हो, वहां उनसे बेटियों को फुटबॉल खेलने देने की अपेक्षा करना भी एक दुस्साहस ही था। फिर वह खुद कभी अच्छे फुटबॉलर नहीं रहे थे और न ही उन्होंने कभी कोई प्रशिक्षण लिया था। इसलिए चुनौती बड़ी थी। पर मोफिज को रुचि का काम मिला था और इसमें वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते थे।

अभिभावकों को मनाने के लिए मोफिज और प्रिंसिपल साहिबा को काफी मशक्कत करनी पड़ी। यहां तक कि स्थानीय लोगों को भी यह पसंद नहीं था कि लड़कियां फुटबॉल खेलें। लोग मोफिज को 'पागल इंसान' कहने लगे थे। लेकिन लड़कियों में ललक थी। कुछ शायद सामाजिक दायरे को तोड़ने की दमित इच्छा थी और कुछ खुद को साबित करने की जिद, उन्होंने मोफिज को निराश नहीं किया। मोफिज उन्हें तराशने में जुट गए। यू-ट्यूब से वीडियो डाउनलोड कर वह उन्हें फुटबॉल की बारीकियां सिखाते रहे और ये किशोरियां मैदान में उन्हें साकार करके दिखाती गईं।

नियमित रूप से, यहां तक कि ईद की छुट्टियों में भी मोफिज बिना नागा उनकी प्रैक्टिस कराते रहते। लड़कियों में प्रतिभा थी, जज्बा भी था, लेकिन उनके पास संसाधन नहीं थे। कई किशोरियों के माता-पिता के पास इतना भी नहीं था कि वे एक एथलीट की खुराक अपनी बच्ची को खिला सकें। मोफिज हमेशा इन किशोरियों का हौसला बढ़ाते रहे, उनकी छोटी-मोटी जरूरतें अपनी जेब से पूरी कर देते। जब जिला स्तर पर उनकी टीम क्वालिफाई कर गई, तो कई बच्चियों की जर्सी के लिए मोफिज ने अपनी धान की फसल बेच दी। किशोरियों ने उस जर्सी को वर्दी बना डाला।

वैसे तो, मोफिज ने लड़कों की भी फुटबॉल टीम बनाई थी, लेकिन उनमें खेल-अनुशासन की कमी को देखते हुए उन्होंने अपना सारा ध्यान 'गर्ल्स टीम' पर केंद्रित कर दिया। पांच साल बाद उनका अथक परिश्रम ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांदे में सुफल लेकर आया। बांग्लादेश की चैंपियन टीम की आठ लड़कियां मोफिज द्वारा प्रशिक्षित की गई थीं। ट्रॉफी उठाने के उन ऐतिहासिक पलों में मोफिज भले दुशांदे में मौजूद न थे, मगर उन फुटबॉलरों की काबिलियत उनकी उपस्थिति की गवाही दे रही थी। उनकी शिष्याओं ने देश-दुनिया में अपने 'गुरु' को रोशन कर दिया था।

जाहिर है, ढाका जब झूमा, तो इन होनहारों के गांवों को भी उसने थिरकने का मौका दिया। इनके गांव में अब बिजली, सड़क और दूसरी तमाम सुविधाएं पहुंच गई हैं। मोफिजुद्दीन अब इलाके की मुअज्जिज हस्ती हैं। उनके प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक बच्चियां रोजाना फुटबॉल के गुर सीखने आती हैं। कभी 'पागल इंसान' कहे जाने वाले मोफिजुद्दीन अब बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के 'मोफिज सर' हैं।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**


विनय मेडिकल स्टोर्स
सभी प्रकार के अंग्रेजी और आयुर्वेदिक दवा के चिल्हर विक्रेता
मो.-9329766891
शॉप नं.-15, महात्मा गांधी मार्केट, अग्रेसन चौक, दुर्ग (छ.ग.)

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

श्री सांई शूज कलेक्शन
जूते, चप्पल एवं पंजाबी जूती की विशाल श्रृंखला
Roshi 9302834546
मेनोनाईट चर्च के सामने, जी.ई. रोड. दुर्ग (छ.ग.)

डिम्पी ज्वेलर्स
सतेश भोरकर 9907157053
राकेश भोरकर 9302830835
आज़ाद चौक, कसारीडीह, दुर्ग (छ.ग.)

स्थानांतरण
लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल भैय्या
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

NJ
सोने, चांदी के जेवर के विक्रेता
सांखला नवीन ज्वेलर्स
जवाहर चौक, दुर्ग

|| श्री गणेशाय नमः ||
राजहंस राजस्थानी थाली रेस्टोरेन्ट
शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था
पार्सल की सुविधा उपलब्ध
भागीरथ पंचारिया मो.- 9893302026
हरिश जोशी मो.- 7000515894
होटल न्यू इंडिया के नीचे, पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

With Best Service and Quality Since Last 28 Years
कृष्णा ऑप्टिकल्स
आँखों की निःशुल्क जांच की जाती है
तुरंत चश्मा प्राप्त करें
krishnaopticalsdurg.com ahujav67@gmail.com krishna_opticals_1993 krishnaoptical'sdurg
नये बस स्टैण्ड के सामने, सौभग्य कॉम्पलेक्स, दुर्ग 98279 53331
मातोश्री काम्पलेक्स, महाराजा चौक, दुर्ग 93031 07850

सुशील म्युजिकल
इलेक्ट्रीक शाही बेन्जो के निर्माता
सभी प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र के विक्रेता
स्टेशन रोड, फरिश्ता काम्पलेक्स के पास
दुर्ग (छ.ग.) - 491001
मो.-9993626855, फो.-07884010027
e-mail-sushilmusical@gmail.com

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई


# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### एनएसएस के कैम्प में योगा और अंग्रेजी की कक्षाएं

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में योगा के साथ-साथ स्पोकन इंग्लिश की ट्रेनिंग भी दी जा र ही है। कैम्प के दूसरे दिन रविवार को भी अनेक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला रायपुर के जिला संगठक डॉ. एल.एस. गजपाल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय विशेष शिविर 2022 के द्वितीय दिवस पर प्रात: 6 बजे योग गुरु हितेश तिवारी द्वारा शिविरार्थियों को योग, प्राणायाम की गतिविधियां कराई गईं। इसके साथ ही हार्ट फुलनेस द्वारा मेडीटेशन कराया गया। योगा के उपरांत सभी शिविरार्थियों को सात समूहों में विभाजित किया गया ताकि शिविर में आये विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्वयंसेवक परस्पर सहयोग की भावना से कार्यो का संपादन कर सकें। स्वयंसेवकों के सभी समुहों को उनके प्रभारी कार्यक्रम अधिकारियो के साथ परियोजना कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण पर ले जाया गया। प्रथम समूह द्वारा शिविर स्थल की साफ-सफाई की गई। द्वितीय समूह द्वारा चूना से शिविर स्थल व आस-पास के जगहों को चिन्हित किया गया। तृतीय समूह द्वारा तालाबों में पचरी की सफाई का कार्य किया गया। चतुर्थ समूह द्वारा स्वच्छता कार्य सम्पन्न किया गया। पांचवें समूह द्वारा तालाब परिसर की साफ-सफाई की गई। छठवें समूह द्वारा मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई तथा सातवें समूह द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। बौद्धिक परिचर्चा के प्रथम सत्र में अशरफ हिंगोरा द्वारा स्पोकन इंग्लिश की कक्षा ली गई। द्वितीय सत्र में प्रो गिरिशकान्त पांडेय, कुलसचिव पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर का आगमन हुआ, उन्होंने स्वयंसेवको से कहा कि कोई भी देश वहाँ की संस्कृति, सभ्यता, परम्पराओं से निर्मित होता है, इसलिए हमें अपनी संस्कृति व परंपरा को अपनाए रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमे एकता सिखाता है।

### गिरौदपुरी मेला का आयोजन 7 से 9 मार्च तक

# दर्शनार्थियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने आपसी तालमेल से काम करें अधिकारी: गुरू रूद्रकुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** गिरौदपुरी धाम में इस साल तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेले का आयोजन 7 से 9 मार्च 2022 तक किया जायेगा। जगतगुरू गुरू गद्दीनशीन विजय कुमार गुरू की अध्यक्षता में गिरौदपुरी मेला आयोजन समिति की आज यहां जिला पंचायत के सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मेले की तिथि का निर्धारण किया गया। राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार, राज राजेश्वरी कौशल माता, गुरु दीदी प्रियंका जी, राजमहंत गण, छत्तीसगढ़ राज्य अत्यावासायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पटिला सहित कलेक्टर डोमन सिंह, एसपी श्री दीपक झा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।



बैठक में लाखों दर्शनार्थियों के मेले में समागम को देखते हुए तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श करते हुए मेले के सफल आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। श्री विजय कुमार गुरू ने कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए दर्शनार्थियों को इसके बचाव के उपाय करते हुए मेले में आने का आग्रह किया है।

मंत्री श्री गुरू रूद्रकुमार ने बैठक में कहा कि मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उनके लिए बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी ताल-मेल के साथ काम करके इस बड़े आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी कोरोना से बचाव का संपूर्ण उपाय सुनिश्चित करने की अपील भी की है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए मेले के लिए इस साल प्रस्तावित की गई व्यवस्था की जानकारी दी। मेले की तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कसडोल एसडीएम श्री अनुपम तिवारी मेला अधिकारी एवं सह मेला अधिकारी बिलाईगढ़ एसडीएम एस एल सोरी को नियुक्त किया गया है। कानून व्यवस्था में उन्हें सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तर से करीब 15 से 20 डिप्टी कलेक्टरों एवं सँयुक्त कलेक्टरों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा गया है। दर्शनार्थियों के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल की पर्याप्त इंतजाम रहेगी।

मेला स्थल पर मौजूद 30 लाख, 8 लाख एवं 75 हजार लीटर क्षमता के टैंक को साफ कराकर पानी से भरना प्रारंभ हो गया है। मंदिर परिसर, महराजी, छातापहाड़ एवं पंच कुण्डीय में अलग से पानी टंकी का इंतजाम रहेगा। इसके साथ ही 17 टैंकर भी रहेगा, जिसे जरूरत के हिसाब से घुमाया जा सकेगा। पानी की व्यवस्था तीनों दिन चैबीसों घण्टे रहेगा।

निस्तार जल के लिए महराजी एनीकट सहित कटगी एवं अमोदी के पास जोंक नदी को बांधकर पानी रोका जायेगा। समुचित स्थलों पर बायोटॉयलेट, चलित टॉयलेट और स्थायी टॉयलेटों की साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। बिजली संबंधी जरूरत का भी आकलन कर समय रहते आवश्यक सुधार कर लिया जाए। गुरू निवास सहित सभी ठिकानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी। पर्याप्त दवाईयों एवं एम्बुलैंस के साथ रहेंगे। मेला स्थल की साफ-सफाई के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय से 8-8 सफाई कर्मी आएंगे। सुबह और शाम दो टाईम सफाई की व्यवस्था रहेगी।

मेला में आये दर्शनार्थियों के लिए रियायती दर पर दाल-भात केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। आस-पास गांवों के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले स्व सहायता समूहों को दाल-भात केन्द्र चलाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। मेले में प्लास्टिक के सामान में भोजन एवं अन्य सामग्री परोसने पर प्रतिबंध रहेगा। दोना पत्तल एवं लकड़ी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। मेला स्थल में दुकानों के आवंटन के लिए एक समिति बनाई गई है। मेला स्थल पर तीन दमकल गाड़ियां भी विद्यमान रहेंगी। मेला स्थल के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। लगभग लगभग 800 की संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेंगे। गिरौदपुरी धाम के 10 किलोमीटर की परिधि में कोई भी अवैध शराब दुकान का कारोबार नहीं होगा। आबकारी एवं पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं। पान, गुटखा एवं बीड़ी का विक्रय पर भी प्रतिबंध रहेगा। राजमहंतों और आयोजन समिति के सदस्यों ने भी अपने पूर्व अनुभव के आधार पर मेले के और व्यवस्थित आयोजन के लिए सुझाव दिया। कलेक्टर डोमन सिंह ने बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप व्यवस्था का भरोसा दिलाया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने हिस्से का काम पूर्ण कर 4 मार्च तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। बैठक में एसपी दीपक झा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी, अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता सहित डीएफओ के आर बढ़ई संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सघन पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

### महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** पोलियो की बीमारी से बचाने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिए देश भर में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में कोरबा शहर में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद और कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

नगर निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत रानी धनराज कुँवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गयी। इस अवसर पर महापौर और कलेक्टर ने बच्चों के दीर्घायु और कुशल मंगल के लिए उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

साथ ही नागरिकों से सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिये अपील भी की। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. बी. बी. बोडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, बीएमओ डॉ. दीपक राज, अस्पताल के सभी स्टाफ जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण मौजूद रहे। पहले दिन एक लाख 70 हजार 523 बच्चों को पिलायी गयी पोलियो ड्राप- कोरबा जिले में पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन शून्य से पांच वर्ष तक के 1 लाख 70 हजार 523 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बोडे ने बताया कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत कोरबा जिले में 0 से 05 वर्ष आयु समूह के 01 लाख 72 हजार से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जा रही हैं। इसके लिए जिले में एक हजार 590 बूथ बनाये गए है। साथ ही 49 ट्रांजिट टीम द्वारा भी बच्चों को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थानों में जाकर पोलियो ड्राप पिलाई जा रही है। पोलियो खुराक पिलाने के लिए 3 हजार 732 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान छुटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर भी पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

# धनिया फसल से मधुमक्खी पालन कर ग्रामीण युवकों ने किया शहद निष्कासन, बन रहा आय का साधन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** छ.ग. शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा अउ बाड़ी अंतर्गत कुटीर उद्यागों, लघु एवं मध्यम कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए गौठान ग्राम-कुरुद, विकासखण्ड-साजा में कृषकों के प्रक्षेत्र पर मधुमक्खी पालन कार्य जिला कलेक्टर श्री विलास भोसकर संदीपान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्रीमती लीना मंडावी के निर्देशानुसार, इटेलियन प्रजाति की मधुमक्खी कॉलोनी की 60 मधुमक्खी पेटी में कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा द्वारा मधुमक्खी पालन कार्य संचालित किया जा रहा है।




कृषि वैज्ञानिक डॉ. एकता ताम्रकार ने बताया कि रबी मौसम में ग्राम पातरझोरी एवं पथर्रीखुर्द मे 20-20 एकड़ मे सूरजमुखी तथा ग्राम कुरुद में 15 एकड़ मे धनिया फसल से मधुमक्खी पालन का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में धनिया फसल से 40 किलोग्राम शहद का निष्कासन किया गया है।

सूरजमुखी की फसल में फूल आने में 10 से 15 दिन का समय लगेगा, तत्पश्चात सूरजमुखी फसल से भी शहद निष्कासन किया जावेगा। सूरजमुखी फसल से शहद निष्कासन हेतु इटेलियन प्रजाति की मधुमक्खी कॉलोनी की 20 पेटी ग्राम पातरझोरी में एवं 20 पेटी ग्राम पथर्रीखुर्द में स्थापित की गई है।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रंजीत सिंह राजपूत के द्वारा बताया गया कि के.वि.के. बेमेतरा के तकनिकी मार्गदर्शन में केन्द्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पुणे से एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स करके आये युवा कृषक संजय वर्मा तथा सुंदल लाल जंघेल के साथ साथ हेमचंद, देवराज वर्मा, राहुल पटेल एवं जमील अंसारी ने 10 अतिरिक्त मधुमक्खी पेटी तैयार कर कृषि महाविद्यालय बेमेतरा तथा रायपुर को प्रदान कर रूपए 44000 की अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त की जा रही है

कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिक तोषण कुमार ठाकुर, डॉ. जितेन्द्र जोशी, डॉ. हेमन्त साहू, शिव कुमार सिन्हा, पलाश चौबे, पंचूराम यादव, स्पर्श पटेल, ओमप्रकाश साहू द्वारा निरंतर कृषकों को गोठान ग्रामों में मधुमक्खी पालन हेतु तकनीकी मार्गदर्शन प्रदाय किया जा रहा है। कृषि विभाग, बेमेतरा से जितेन्द्र ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, साजा, प्रेमेन्द्र पटेल एवं बलवंत डडसेना ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम- पातरझोरी, पथर्रीखुर्द एवं कुरुद में सहयोग भी सराहनीय रहा। कृषि विभाग कृषकों से सतत संपर्क कर मधुमक्खी पालन हेतु सरसों, धनिया व सूरजमुखी फसल लगाने के लिए कृषकों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों को जीवंत करने के लिए अभिव्यक्ति गठित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय में सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के संयोजन और मंच के लिए एक संस्थान अभिव्यक्ति का गठन किया गया। अभिव्यक्ति नामक संस्था पूरे क्षेत्र में शून्य हो चली साहित्यिक गतिविधियों को जीवंत करते हुए नए रचनाकारों, कलाकारों, नवांकुरों को एक मंच प्रदान करने की दिशा में कार्य करेगी। शहर और आसपास के क्षेत्रों में सभी प्रकार की साहित्यिक विधाओं को एक मंच प्रदान करने की जरूरत महसूस की जा रही थी।

इसी उद्देश्य को लेकर एक संगठन की आवश्यकता पर ध्यान देते हुए जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आईसेक्ट कॉलेज परिसर में शनिवार शाम एक बैठक आयोजित की गई। इसमे मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी सहित मुख्यालय के साहित्य सेवार्थी शामिल हुए। सबसे पहले माँ सरस्वती की वंदना की गई। इसके बाद बैठक के औपचारिक शुभारंभ में शून्य हो चली विधाओं को पुन: स्थापित करने के साथ ही नए रचनाकारों को मंच प्रदान करने के लिए एक संस्था के गठन की महती आवश्यकता पर विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से संस्थान के नामकरण को अंतिम रूप देते हुए गठित संस्था का -अभिव्यक्ति नाम तय किया गया। आज की बैठक में इस संस्थान का नाम तय करते हुए संस्था की नियमावली तैयार की गई। इसके बाद उपस्थित विद्वजन ने अभिव्यक्ति के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा, सदस्यों का चयन, संस्था का पंजीकरण कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि संस्था की ओर से हिंदी के उत्कर्ष के लिए सभी शिक्षण संस्थानों से सम्पर्क कर निरन्तर आयोजन किए जाएंगे। इस संस्थान में साहित्यिक गतिविधियों और कृतियों के लिए उम्र, वर्ग, क्षेत्र का कोई बंधन नहीं रखा जाएगा । यह संस्था सभी सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आगे ले जाने की दिशा में बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाएगी। साथ ही आगामी मार्च माह में ही अभिव्यक्ति का पहला साहित्यिक आयोजन किए जाने पर सभी ने सहमति प्रदान की। संस्था अभिव्यक्ति के सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक भविष्य को लेकर विस्तार से रूपरेखा तैयार करने के बाद बैठक में उपस्थित सभी साहित्यकारों ने अपने विचार और रचनात्मक कृतियों का पाठ किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मनेन्द्रगढ़ के साहित्य प्रेमी मृत्युंजय सोनी, चिरमिरी के हरिकांत अग्निहोत्री सहित शिक्षाविद आर एल त्रिवेदी, भोला प्रसाद मिश्रा अनाम, प्रोफेसर एम सी हिमधर, राजेश पांडे, राजेन्द्र सिंह, गजलकार शैलेंद्र श्रीवास्तव, आईसेक्ट के संचालक नरेश सोनी, सम्यक क्रांति के प्रबंध निदेशक एस. के. रूप, सुनील शर्मा, योगेश गुप्ता और रुद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

(VISHAL)
Mobile No. 7000536728
SAMSUNG mi vivo oppo realme ONEPLUS
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works
Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
(All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI[th] XII[th] B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। बघेल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भारतीयों ने विज्ञान के क्षेत्र में बहुत प्रगति की है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन प्रभाव की घोषणा की थी, जिसके लिए उन्हें नोबल पुरस्कार से नवाजा गया था। उनके सम्मान में पूरे देश में विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विज्ञान दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी समाज में अंधविश्वास की जड़ें दिखाई पड़ती हैं। इसे दूर करने के लिए परिष्कृत सोच उत्पन्न करना जरूरी है। लोगों के जीवन स्तर में सुधार और तरक्की के साथ विज्ञान हमें विश्लेषात्मक सोच की ओर ले जाता है।

### मंत्री डहरिया की अनुशंसा पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत 52 लाख 22 हजार रुपये के विकास कार्य स्वीकृत

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आरंग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 52 लाख 22 हजार रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इन कार्यों में ग्राम बरौदा रणचंडी में लब्भु बांधे के खेत से फॉर लाइन तक नाला सफाई एवं गहरीकरण हेतु 7 लाख 50 हजार रुपये, गुमा में टार नाली उन्नयन कार्य नरसिंगपुर मोड़ से गुमा के नरेश यादव के खेत तक के लिये 04 लाख 24 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम घोंट में पनखट्टी तालाब गहरीकरण कार्य हेतु 09 लाख 96 हजार रुपये कठिया में गौठान से पक्का रोड की ओर टार नाली उन्नयन कार्य हेतु 01 लाख 44 हजार रुपये तथा पक्का रोड से तालाब तक टार नाली सफाई एवं गहरीकरण कार्य हेतु 1 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह ग्राम अछोली के आश्रित ग्राम करमा में करमा करमा बांधा तालाब गहरीकरण एवं पचरिकरण हेतु 9 लाख 97 हजार रुपये, पिरदा में नया तालाब गहरीकरण एवं पचरी निर्माण कार्य हेतु 9 लाख 93 हजार रुपये, डिघारी में टार नाली निर्माण कार्य बाली वर्मा के खेत से मालिक राम बघेल के खेत की ओर के लिये 02 लाख 03 हजार रुपये, तथा नाली निर्माण कार्य स्वागत गेट से खम्हरिया रोड की ओर के लिये 02 लाख 03 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम लखोली में एस एच जी शेड निर्माण हेतु 03 लाख 68 हजार रुपये की स्वीकृत है। इन निर्माण कार्यों की स्वीकृत मिलने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा मंत्री जी के प्रति आभार भी व्यक्त किये हैं।

# अनुसूचित जाति, जनजाति के हितों के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्धः मंत्री डहरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार अनुसूचित जाति जनजाति सहित अन्य वर्गों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।




डॉ. डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सर्वांगीण विकास के लिए नौकरियों, शासकीय योजनाओं तथा कृषि सहित अन्य व्यवसायों में प्राथमिकता देने के लिए कार्य कर रहे है।

डॉ. डहरिया आज रायपुर में गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के शहीद स्मारक भवन में किया गया था। इस अवसर पर शकुन डहरिया मौजूद थीं।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा और अन्य राज्य के युवक-युवती और समाज के लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम में विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया। कार्यक्रम में गुरूघासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खाण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी, उपाध्यक्ष सुन्दर लाल लहरे, चेतन चंदेल, डीएम पात्रे, गिरजा पाटले सहित बड़ी संख्या में युवक-युवतियां तथा उनके परिजन मौजूद थे।

# बालवाड़ी के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तय कलेक्टरों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश

### आगामी सत्र से 6536 प्राथमिक शालाओं में शुरू होगी बालवाड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के निर्णय अनुसार प्रदेश में 5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों के लिए आगामी सत्र से 6 हजार 536 शासकीय प्राथमिक शालाओं में बालवाड़ी का संचालन किया जाना है। बालवाड़ी के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया जारी कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने सभी जिला कलेक्टरों को बालवाड़ी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टरों को जारी मानक संचालन प्रक्रिया में कहा गया है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में तेजी से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। यह बच्चों के सीखने के लिए सबसे उत्तम समय होता है। 6 वर्ष की आयु तक बच्चों को सीखना अत्यंत सरल और सुगम होता है। इस आयु में जो सिखाया जाता है,




उसी आधारभूत दुनिया को बालक आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा प्रथम चरण में राज्य की 6 हजार 536 प्राथमिक शालाओं के साथ बालवाड़ी संचालन का निर्णय लिया गया है। इस बालवाड़ी में 5-6 आयु समूह के बच्चों को सीखने-सिखाने का अवसर आनंदमयी वातावरण में प्रदान किया जाना है।

प्रथम चरण में चिन्हांकित की गई 6 हजार 536 प्राथमिक शालाएं जिनके परिसर में आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं अथवा समीप में स्थित हैं, उन्हीं शालाओं में समन्वय स्थापित करते हुए बालवाड़ी का संचालन किया जाना है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा से इन चिन्हांकित शालाओं की सूची प्राप्त कर आगामी सत्र से बालवाड़ी संचालन के लिए आवश्यक तैयारी करें। कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि बालवाड़ी संचालन के लिए शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का चिन्हांकन कर लिया जाए। बालवाड़ी केन्द्रों में शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य आंगनबाड़ी एवं शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना है। इसके लिए कार्यकर्ता और शिक्षक, यथासंभव महिला की पहचान कर ली जाए। शाला परिसर में बच्चों को बैठने के लिए एक कमरा चिन्हांकित किया जाए। छोटे बच्चों के हिसाब से आवश्यक साज-सज्जा की जाए। बच्चों के बैठने के लिए दरी आदि की व्यवस्था कर ली जाए। छोटे बच्चों के आयु अनुरूप चिन्हांकित कक्ष के पास पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था भी कर ली जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय करते हुए जिस ग्राम, वार्ड में बालवाड़ी संचालित किया जाना है, वहां के बालक-बालिकाओं का संचालन कर लिया जाए।

कलेक्टरों से कहा गया है कि बालवाड़ी में प्रवेशित किए जाने वाले बच्चों के पालकों-माताओं के एक समिति बनाया जाए, जो बालवाड़ी के संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान करे। समय-समय पर बालवाड़ी में उपस्थित होकर बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता भी प्रदान कर सके। इसके लिए ग्राम, वार्ड में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक द्वारा सरपंच, वार्ड पार्षद, पंच के साथ मिलकर बालवाड़ी के संचालन के पूर्व बैठक ली जाए। इस महती योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि उपयुक्त आयु समूह के अधिक से अधिक बच्चे बालवाड़ी में दर्ज हो सके।

बालवाड़ी के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रम का निर्धारण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के माध्यम से किया जा रहा है। चयनित शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी के माध्यम से दिया जाना प्रस्तावित है।

# मंत्री चौबे ने लगवाया कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज टीका



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचकर कोरोना वैक्सीन के बूस्टर डोज का टीका लगवाया। उस वक्त चिकित्सा शिक्षा संचालक डॉ विष्णु दत्त, मेकाहारा की डीन डॉ तृप्ति नगरिया, मंत्री के निज सहायक गुलशन वहां मौजूद थे।

गौरतलब है कि मंत्री चौबे ने 11मार्च 2011को कोरोना वैक्सीन का पहला और 24 अप्रैल को दूसरा टीका लगवाया था। बूस्टर टीका लगाने के बाद मंत्री रविंद्र चौबे आधे घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहे। इस मौके पर मंत्री चौबे ने राज्य में टीका लगवाने से शेष रह गए लोगों से कोरोना से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से टीका लगवाने की अपील की। कोरोना संक्रमण और बीमारी की गंभीर स्थिति से बचने के लिए टीका लगाना जरूरी है।

यहां यह बात दें कि चौबे छत्तीसगढ़ सरकार के पहले मंत्री है, जिन्होंने सबसे पहले 11मार्च 2021 को कोरोना का टीका पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज हॉस्पिटल जाकर लगवाया था और लोगों से कोरोना टीका को लेकर उस वक्त फैलायी जा रही अफवाहों से बचने और टीका लगवाने की पुरजोर अपील की थी।

# राज्यपाल ने मध्य भारत के प्रतिष्ठित गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने यूनियन क्लब रायपुर में मध्य भारत के प्रतिष्ठित गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के साथ लॉन टेनिस में हाथ आजमाया और जमकर शॉट मारे। साथ ही उन्होंने दर्शक के रूप में भी खिलाड़ियों के मैच देखे और उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने गोंडवाना कप के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने की प्रसन्नता जताते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल भावना से खेलें और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाता है और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। खेल से राष्ट्रीयता और देश प्रेम की भावना भी बढ़ती है। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि गोंडवाना कप का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि इसकी शुरुआत लगभग 85 वर्ष पहले 1937-38 में हुई थी और यूनियन क्लब, रायपुर ही गोंडवाना कप का सर्वप्रथम आयोजक रहा। तब से लेकर अब तक गोंडवाना कप ने न जाने कितने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया। देश व छत्तीसगढ़ की माटी के खिलाड़ियों में क्षमता की कमी नहीं है बल्कि उन्हें अवसर दिए जाने की आवश्यकता है। वास्तव में गोंडवाना कप टेनिस खिलाड़ियों के लिए इन्हीं अवसरों का पर्याय बन रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ ने एक और उल्लेखनीय कार्य करते हुए पिछले साल से गोंडवाना कप आईटीएफ वुमेन्स टेनिस स्पर्धा की शुरुआत की है। हमारी बेटियों के लिए यह अवसर, उनकी खेल प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सभी के लिए अवसरों की समानता को हमे इसी तरह आगे बढ़ाना होगा। राज्यपाल ने टेनिस को बढ़ावा देने के लिए संघ द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है आपके इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ की छिपी प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा और टेनिस के प्रति युवाओं में रुचि भी बढ़ेगी।

रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने इस अवसर पर कहा कि स्थानीय खिलाड़ियों को मंच देने की आवश्यकता है। प्रतिभाओं को मौका देने के लिए प्रशिक्षण कैम्पों का आयोजन किया जाना चाहिए। शुभारंभ समारोह में राज्यपाल सुश्री उइके द्वारा राज्य के उभरते हुए उत्कृष्ट टेनिस खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# लघु वनोपजों की संख्या में वृद्धि लेकर आयी वनवासियों में समृद्धि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश के वनवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में वर्तमान में समर्थन मूल्य पर 65 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। लघु वनोपजों की संख्या में वृद्धि होने से वनवासियों में समृद्धि आयी है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इस तरह छत्तीसगढ़ में लगभग तीन वर्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 65 कर दी गई है।



गौरतलब है कि राज्य में वर्तमान में समर्थन मूल्य के अंतर्गत खरीदी की जा रही लघु वनोपजों में संग्रहण दर मालकांगनी बीज (सूखा) 100 रूपए, बायबडिंग 94 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-1-35 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-2-31.50 रूपए, आंवला (बीज रहित) सूखा 57 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। इसी तरह रंगीनी लाख/छिली लाख (सूखा) 220 रूपए, रीठा फल (सूखा) 14 रूपए, वन जीरा बीज 70 रूपए, सतावर जड़ (सूखा) 107 रूपए, चरौटा बीज ग्रेड-1-16 रूपए, चरौटा बीज ग्रेड-2-14.50 रूपए, शहद 225 रूपए तथा नागरमोथा (सूखा) 30 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। माहुल पत्ता 15 रूपए, हर्रा साबूत (सूखा) ग्रेड-1-15 रूपए, हर्रा साबूत (सूखा) ग्रेड-2-13.50 रूपए, हर्रा कचरिया 25 रूपए, बहेड़ा साबूत (सूखा) ग्रेड-1-17 रूपए, बहेड़ा साबूत (सूखा) ग्रेड-2-15.30 रूपए, बहेड़ा कचरिया 20 रूपए तथा गिलोय (सूखा) ग्रेड-1-40 रूपए, गिलोय (सूखा) ग्रेड-2-36 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

इसी तरह कुसुमी लाख/छिली लाख (सूखा) 300 रूपए, वन तुलसी बीज 16 रूपए, भेलवा 9.75 रूपए, शिकाकाई फल्ली (सूखा) 50 रूपए, इमली आटी (बीज सहित) ग्रेड-1-36 रूपए, इमली आटी (बीज सहित) ग्रेड-2-33 रूपए, इमली फूल (बीज रहित) 69 रूपए, इमली बीज 11 रूपए तथा महुआ फूल (सूखा) 33 रूपए, महुआ बीज 29 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। झाड़ू फूल (घास) 50 रूपए, कौंच बीज 21 रूपए, धवई फूल (सूखा) ग्रेड-1-37 रूपए, धवई फूल (सूखा) ग्रेड-2-33.50 रूपए, चिरौंजी गुठली ग्रेड-1-126 रूपए, चिरौंजी गुठली ग्रेड-2-115 रूपए, करंज बीज 24 रूपए, बेलगुदा (सूखा) ग्रेड-1-30 रूपए, बेलगुदा (सूखा) ग्रेड-2-27 रूपए तथा कुल्लू गोंद 125 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। काजू गुठली ग्रेड-1-90 रूपए, काजू गुठली ग्रेड-2-81 रूपए, साल बीज 20 रूपए, कुसुम बीज ग्रेड-1-23 रूपए, कुसुम बीज ग्रेड-2-20.70 रूपए, नीम बीज (सूखा) 27 रूपए, जामुन बीज (सूखा) ग्रेड-1-42 रूपए, जामुन बीज (सूखा) ग्रेड-2-38 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

इसी तरह मालकांगनी फल कच्चा (लाल रंग) 17 रूपए, कालमेघ/भुईनीम (कच्चा)- 10 रूपए, हर्रा कच्चा 6 रूपए, बहेड़ा कच्चा 5 रूपए, गिलोय कच्चा 6 रूपए, हर्रा बाल 30 रूपए, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड) 10 रूपए, झाड़ू छिंद (घास) 15 रूपए, कोदो 30 रूपए, कुटकी (काला) 30 रूपए, कुटकी (भूरा) 30 रूपए, रागी 33.77 रूपए, अमचूर (सफेद) 120 रूपए तथा अमचूर (भूरा) 80 रूपए, रैली कोसा (भादो) दर नग में ग्रेड-1-4.30 रूपए, रैली कोसा (भादो) दर नग में ग्रेड-2-4.10 रूपए, रैली कोसा (चैती) दर नग में ग्रेड-1-2.80 रूपए तथा रैली कोसा (चैती) दर नग में ग्रेड-2-2.65 रूपए, प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदी की जाएगी।

इसके अलावा संग्रहण दर आंवला फल (कच्चा) 28 रूपए, रंगीनी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) 200 रूपए, कुसुमी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) ग्रेड-1-275 रूपए, कुसुमी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) ग्रेड-2-245 रूपए, झाड़ू कांटा (घास) 25 रूपए, बेलफल (कच्चा) 10 रूपए, जामुन फल (कच्चा) 23 रूपए, सवई घास 15 रूपए, पाताल कुम्हड़ा कंद (सूखा) 21 रूपए, सफेद मूसली कंद (सूखा) 650 रूपए, तीखुर कंद (कच्चा) 20 रूपए, अश्वगंधा जड़ (सूखा) 350 रूपए, कोरिया बीज (इन्द्र जौ) (सूखा) 150 रूपए, कुटज छाल (सूखा) 12 रूपए तथा पलाश फूल (सूखा) 11.50 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















## खास खबर




### विद्या बालन स्टारर 'जलसा' का 18 मार्च को होगा प्रीमियर

विद्या बालन और शेफाली शाह स्टारर जलसा की प्रीमियर डेट अनाउंस हो गई है। इस बात की जानकारी मेकर्स ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर दी है। जलसा ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 18 मार्च को प्रीमियर होगा। इस ड्रामा-थ्रिलर जॉनर जलसा को सुरेश त्रिवेणी ने डायरेक्ट किया है। इसमें विद्या और शेफाली के अलावा मानव कौल, रोहिणी हट्टंगड़ी, विधात्री बंदी श्रीकांत मोहन नजर आएंगे।

### कंगना रनोट की 'धाकड़' 27 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

कंगना रनोट की मोस्ट अवेटेड फिल्म धाकड़ की रिलीज डेट अनाउंस हो गई है। इस बात की जानकारी खुद एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर दी है। उन्होंने लिखा, एजेंट अग्नि की फोर्स जिसे कोई नहीं रोक सकता वह तेजी से आ रही है। एक्शन और स्पाई थ्रिलर धाकड़ चार भाषा हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में 27 मई को सिनेमाघरों में आग लगाएगी।

### दीपिका पादुकोण बिना मास्क के एयरपोर्ट पर हुईं स्पॉट, नेटिजन्स ने किया ट्रोल

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण हाल ही के दिनों में अपने पैरेंट्स के घर बैंगलुरू पहुंची हैं। यहां पहुंचते ही पैपराजी ने उन्हें एयरपोर्ट पर पकड़ लिया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। इन फोटोज में वह बिना मास्क के नजर आईं साथ ही उनके हैंडबैग को भी एक बॉडीगार्ड ने पकड़ रखा था। यह सब देख नेटिजन्स ने उन्हें खूब ट्रोल किया। एक यूजर ने लिखा, मुझे आश्चर्य होता है कि यह लोग बिना मास्क के कैसे घूम लेते हैं।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, 'ओहो अपना पर्स भी नहीं उठाया जाता मैडम से।'

# आलिया की एक्टिंग की दीवानी हुईं सामंथा रुथ प्रभु, कहा- गंगूबाई काठियावाड़ी एक मास्टरपीस

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। ये फिल्म 25 फरवरी को सिनेमाघरों में लगी है और अब फिल्म को देखने के बाद हर कोई आलिया की तारीफकरता हुआ नजर आ रहा है। फैंस को आलिया की दमदार एक्टिंग और डायलॉग्स खूब पसंद आ रहे हैं। इतना ही नहीं, इस फिल्म में आलिया भट्ट के काम की बॉलीवुड स्टार भी तारीफ कर रहे हैं। वहीं, अब अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने भी 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और आलिया भट्ट की जमकर तारीफकी। सामंथा ने इस फिल्म को एक मास्टरपीस बताया है, जिससे साफहै कि अभिनेत्री को फिल्म बेहद पसंद आई है।





दरअसल, सामंथा रुथ प्रभु ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर 'गंगूबाई काठियावाड़ी' फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर मे आलिया भट्ट 'गंगूबाई' के किरदार में हवा में हाथ उठाती हुई दिख रही हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इस पोस्ट में आलिया भट्ट के काम की खूब तारीफ की है। सामंथा ने पोस्टर के साथ लिखा, 'गंगूबाई काठियावाड़ी एक मास्टरपीस है। आलिया भट्ट आपकी परफॉर्मेंस के लिए शब्द काफी नहीं है। हर डायलॉग और एक्सप्रेशन मेरे दिमाक में छप जाएगा।'

सामंथा रुथ प्रभु से पहले सोफी चौधरी, अनन्या पांडे, आदित्य सील, अनुराग कश्यप और नीतू कपूर भी आलिया भट्ट और उनकी फिल्म की दिल खोलकर तारीफ कर चुके हैं। नीतू कपूर ने अपने पोस्ट में लिखा था, 'देखो आलिया ने कैसे बॉल को पार्क के बाहर फेंक दिया है। चौक्के छक्के उड़ा दिए है।'

इसके अलावा, विक्की कौशल भी आलिया की खूब तारीफ कर चुके हैं। विक्की और आलिया ने फिल्म 'राजी' में एक साथ काम किया है। विक्की कौशल ने लिखा, 'इस फिल्म के शानदार प्रदर्शन से बिल्कुल हैरान हूं। संजय लीला भंसाली सर आप मास्टर हैं और आलिया भट्ट समझ में नहीं आ रहा तुम्हारे बारे में क्या कहूं.... गंगू के रूप में बेहतरीन। सलाम है। बड़े पर्दे पर सिनेमा का जादू। मिस न करें।'

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में आलिया भट्ट की एक्टिंग ने सबका दिल जीत लिया है। आलिया के अलावा इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन भी दमदार रोल में नजर आ रहे हैं। वह फिल्म में रहीम लाला का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म से एक्टर और डांसर शांतनु माहेश्वरी ने भी बॉलीवुड में डेब्यू किया है।

# सिंगर को जीवनसाथी की तलाशः मीका सिंह नेशनल टीवी पर करेंगे स्वयंवर पूरे देश से शामिल होंगी कंटेस्टेंट



टीवी के जरिए स्वयंवर कर कई सेलेब्स ने अपने जीवनसाथी की तलाश की है। अब इस लिस्ट में सिंगर मीका सिंह का भी नाम जुड़ने वाला है। सिंगर भी जल्द नेशनल टीवी पर अपना स्वयंवर आयोजित करने वाले हैं। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, यह भी स्वयंवर पहले जैसे हुए रियलिटी शो जैसा ही होगा। वहीं इसको आने वाले कुछ महीनों में टेलिकास्ट करने की प्लानिंग है।

### शो को लेकर मीका हैं एक्साइटेड

मीडिया रिपोट्र्स में इस बात का भी खुलासा किया गया कि, मीका शो में शादी नहीं बस सगाई ही करेंगे। इसके बाद वह अपने रिश्ते को आगे बढ़ाएंगे। इस शो को लेकर मीका खुद बेहद एक्साइटेड हैं। वहीं शो में शामिल होने वाले सभी कंटेस्टेंट पूरे देश से आएंगे। हालाकि अभी शो किस चैनल पर टेलिकास्ट होगा इस बात की कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### राहुल महाजन ने की थी शो के जरिए शादी

मीका सिंह नेशनल टीवी पर स्वयंवर आयोजित करने वाले पहले सेलेब्स नहीं हैं। इससे पहले भी नेशनल टीवी पर इस तरह के रियलिटी शो स्वयंवर आयोजित किए जा चुके हैं। इसके पहले टीवी एक्ट्रेस रतन राजपूत, राखी सावंत और मल्लिका शेरावत ने भी स्वयंवर के जरिए अपने पार्टनर चुने थे, हालांकि तीनों ने ही शो के पार्टनर्स से शादी नहीं की।

वहीं राहुल महाजन ने रियलिटी शो के जरिए 25 वर्षीय बंगाली मॉडल डिंपी गांगुली को अपने पार्टनर के तौर पर चुना था। इसके बाद उन्होंने डिंपी संग सात फेरे भी लिए थे। एक्ट्रेस से राहुल की मुलाकात 2010 में हुए उनके शो 'राहुल दुल्हनिया ले जाएंगे' में हुई थी। चार साल तक साथ रहने के बाद आखिरकार यह कपल 2015 में अलग हो गया।

# नेहा कक्कड़ का नया गाना 'नाराजगी' 1 मार्च 2022 को होगा रिलीज

हाल ही में अपने गाने 'मुड़ मुड़ के न देख' में तहलका मचाने के बाद नेहा कक्कड़ अब एक बार फिर से अपना नया गाना 'नाराजगी' लाने के लिए तैयार हैं। टोनी कक्कड़ के बाद इस बार नेहा कक्कड़ अक्षय ओबरॉय संग सुर मिलाती नजर आने वाली हैं। आपको बता दें की अक्षय ओबरॉय एक सिंगर होने के साथ वह एक एक्टर भी हैं। नेहा कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया है और गाने की रिलीज डेट भी बता दी है। तो अब देखना ये होगा कि ये जोड़ी प्रशंसकों के लिए क्या नया लेकर आने वाली है।

नेहा कक्कड़ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अपने नए गाने 'नाराजगी' का पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में नेहा लाल रंग को सलवार सूट में नजर आ रही हैं, जिसे देखकर लग रहा है कि ये दिल को छू लेने वाला लव सॉन्ग होगा। उन्होंने पोस्टर शेयर करते हुए जानकारी दी कि नाराजगी सॉन्ग 1 मार्च 2022 को रिलीज होने वाला है। इस गाने को जी म्यूजिक ओरिजिनल के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा।

नेहा कक्कड़ के इस नए सॉन्ग को लेकर फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं और उनकी पोस्ट पर एक के बाद एक कमेंट कर रहे हैं। इसके साथ ही फैंस को नेहा का लुक भी बेहद पसंद आ रहा है और वह उनकी तारीफें के पुल बांध रहे हैं। एक प्रशंसक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आपने मेरा संडे बना दिया।

# बेस्टफ्रेंड सुहाना खान और शनाया के साथ डिनर डेट पर स्पॉट हुईं अनन्या पांडे, ये भी हैं बीएफएफ गोल्स सेट करने वाले सेलेब्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हाल ही में अपनी बेस्टफ्रेंड सुहाना खान और शनाया कपूर के साथ डिनर डेट करते हुए स्पॉट हुई हैं। पैपराजी के कैमरों में कैद हुई ये तिगड़ी काफी ग्लैमरस लग रही है। अनन्या ने पर्पल मिनी ड्रेस पहनी थी। जबकि शनाया व्हाइड ड्रेस और सुहाना व्हाइट टॉप और पैंट में पहुंची थीं। बता दें कि तीनों ही बचपन से दोस्त हैं और अक्सर साथ समय बिताते, पार्टी करते और हाउस वॉर्मिंग पार्टीज में साथ ही नजर आती हैं। इनके अलावा भी बॉलीवुड में कई सेलेब्स ऐसे हैं जो अपनी दोस्ती से बीएफएफ गोल्स सेट करते हैं।



### करीना-मलाइका-करिश्मा-अमृता

बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर गर्लगैंग करीना कपूर, मलाइका अरोड़ा, करिश्मा कपूर और अमृता अरोड़ा की है। चारों हमेशा साथ नजर आते हैं। कई बार कपड़ों और लुक से भी ये बीएफएफ गोल्स सेट करती आई हैं। हाल ही में ये गर्लगैंग फरहान अख्तर और शिबानी की वेडिंग पार्टी में पहुंची थी।

### आलिया भट्ट- अनुष्का रंजन

गंगूबाई काठियावाड़ी एक्ट्रेस आलिया भट्ट और अनुष्का रंजन बचपन से ही दोस्त हैं। दोनों ने साथ स्कूलिंग की थी। दोनों अक्सर साथ नजर आते हैं। आलिया ने अपने यूट्यूब चैनल में एक व्लॉग शेयर किया था, जिसमें वो अनुष्का के साथ अपनी बॉन्डिंग पर बात कर रही थीं।

### रणवीर सिंह- अर्जुन कपूर

गुंडे फिल्म के बाद से ही अर्जुन कपूर और रणवीर सिंह के बीच गहरी दोस्ती है। दोनों कई इवेंट में साथ नजर आते हैं। दोनों की दोस्ती इतनी गहरी है कि रणवीर सिंह की पत्नी दीपिका पादुकोण, अर्जुन को सौतन कहकर बुलाती हैं। गुंडे के बाद दोनों फाइंडिंग फैनी में साथ दिखे हैं। इस फिल्म में रणवीर का कैमियो है।

### शाहरुख खान- जूही चावला

यस बॉस, फिर भी है हिंदुस्तानी, डुप्लीकेट, डर जैसी कई फिल्मों में साथ नजर आ चुके शाहरुख खान और जूही चावला करीबी दोस्त हैं। दोनों ने साथ आईपीएल टीम किंग नाइट राइडर खरीदी थी। दोनों का परिवार भी एक दूसरे के करीब है। ड्रग केस में फंसे आर्यन को जमानत भी जूही चावला ने ही करवाई थी।

### गौरी खान- सुजैन खान

शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान और ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन खान बेस्ट फ्रेंड हैं। दोनों को फैमिली गेदरिंग और पार्टी में साथ ही स्पॉट किया जाता है। दोनों की दोस्ती इतनी गहरी है कि जब शाहरुख खान का नाम प्रियंका चोपड़ा से जुड़ा था, तो सुजैन ने कृष 3 की सक्सेस पार्टी में प्रियंका को इनवाइट तक नहीं किया था। इस फिल्म में प्रियंका ही लीड रोल में थीं।

### रणबीर कपूर- आयान मुखर्जी

आयान मुखर्जी, रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म ब्रह्मास्त्र के डायरेक्टर ही नहीं बल्कि असल जिंदगी के बेस्ट फ्रेंड भी हैं। एक बार तो ऋषि कपूर खुद आयान से रणबीर की शादी करवाने की बात कर चुके हैं। ऋषि ने साल 2018 में रणबीर और आयान की एक तस्वीर ट्वीट करते हुए ऐसा कहा था।

### सारा अली खान- जाह्नवी कपूर

स्टारकिड्स सारा अली खान और जाह्नवी कपूर के बीच गहरी दोस्ती है। दोनों साथ में वर्कआउट करती हैं और अक्सर साथ तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं।

### रिया चक्रवर्ती- शिबानी दांडेकर

रिया चक्रवर्ती और एक्ट्रेस शिबानी दांडेकर बेस्टफ्रेंड हैं। जिस समय रिया, सुशांत केस में गिरफ्तार थीं तब शिबानी ने उनका खूब समर्थन किया था। जेल से बाहर आने के बाद रिया ने शिबानी से मुलाकात की थी। दोनों हमेशा साथ नजर आती हैं।

# मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार की शादी को हुए एक महीने पूरे, एक्ट्रेस ने फोटो शेयर कर लिखी रोमांटिक पोएम

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड सूरज नाम्बियार के साथ पिछले महीने 27 जनवरी को शादी के बंधन मे बंधी थीं। आज उनकी शादी को एक महीने हो गए हैं और इस मौके पर मौनी ने सोशल मीडिया पर अपने पति सूरज के साथ कुछ खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं। साथ ही मौनी ने फोटोज पर एक प्यार भरा कैप्शन भी लिखा है।



### मौनी ने लिखी रोमांटिक पोएम

सूरज के साथ फोटोज शेयर करते हुए मौनी ने लिखा, मैं तुमसे कैसे प्यार करती हूं? ओह, इस तरह और उस तरह ओह, खुशी से..शायद मैं तुम्हें इसे करके बताती हूं इस तरह, और इस तरह और अब शब्द नहीं हैं। मौनी ने आठ फोटोज शेयर किए हैं, उनमें से तीन फोटोज में वो अकेली नजर आ रही हैं और बाकी की फोटोज में उनके साथ सूरज दिखाई दे रहे हैं। सभी फोटोज में दोनों की प्यार भरी केमिस्ट्री नजर आ रही है। बता दें फैन्स मौनी की इन फोटोज को काफी पसंद कर रहे हैं।

### लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे मौनी-सूरज

मौनी और सूरज की शादी 27 जनवरी को गोवा में हुई थी। दोनों ने पहले अपनी फैमिली, क्लोज फ्रेंड्स और कई सेलेब्स की मौजूदगी में मलयाली रीति-रिवाजों से शादी की और फिर बंगाली परम्पराओं के अनुसार शादी की। कोविड-19 के कारण दोनों ने अपनी गेस्ट लिस्ट को छोटा भी कर दिया था। सूरज की बात करें तो वो दुबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं। दोनों लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे।

### रणबीर-आलिया के साथ 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आएंगी मौनी

मौनी की बात करें तो वो पश्चिम बंगाल के कूच बिहार की रहने वाली हैं। वो दिल्ली में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद मुंबई आ गई थीं। बात अगर मौनी के काम की करें तो वो जल्द ही अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में दिखाई देंगी, जिसे तीन पाट्र्स में बनाया जा रहा है। फिल्म का पहला पार्ट 9 सितंबर 2022 को रिलीज होने वाला है। मौनी के अलावा फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और डिंपल कपाड़िया भी लीड रोल में नजर आएंगे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### पंडित श्यामाचरण शुक्ल जयंती जिला कांग्रेस भवन में मनाई गई

**रायगढ़।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल की जयंती पर आज जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ में उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।साथ ही सभी कांग्रेसियों ने छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया। श्यामा भैया अमर रहे के नारे से कांग्रेस भवन गूंज उठा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पं.श्यामा चरण शुक्ल मध्यप्रदेश केतीन बार के मुख्यमंत्री रहे ,उन्होंने अपने कार्यकल मे नहरो का जाल बिछा दिए ,बड़े बड़े बांध बनवाया,नियोजित शहर का निर्माण उन्होंने ही प्रारम्भ किया ,शुक्ल जी एक सिद्धांतवादी नेता थे, उनके कृषि क्षेत्रो के विकास और संवर्धन के लिए किए गए कार्यो के कारण छत्तीसगढ़ सरकार 27 फ़रवरी को कृषक दिवज़ के रूप में मनाती है ,उनका मानना था कि कृषको की स्थिति सुधारकर ही प्रदेश का विकास किया जा सकता है ,कृषक समृध्द होगा।

### माघी पुन्नी मेला में लगी प्रदर्शनी में मिल रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला में मुख्यमंच के पास लगा संभागीय सरस मेला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। मेला में पहुंचने वाले प्रत्येक मेलार्थियों की सरस मेला देखना पहली पसंद बन गई है। इसमें शासकीय विभाग के स्टॉल के अलावा बिहान समूह के दीदीयों की मेहनत स्पष्ट रूप से दिख रही है। यहां प्रवेश करते हुए सेल्फी जोन उत्साह में चार-चांद लगा देते है। पश्चात् बिहान की दीदीयों के द्वारा अलग-अलग स्टॉल में तैयार किया गया सामग्री में की मांग बहुत है। उन्होंने खाद्य पदार्थ से लेकर साफ-सफाई के आयटम तथा शो-पीस आकर्षक ढंग से सजाकर रखें है। लोग इन पर एक नजर डालना नहीं भुलते पूरे छत्तीसगढ़ के चाहे वह गरियाबंद जिला हो या राजनांदगांव जिला, धमतरी, कवर्धा आदि जगहों की बहिनें इनके बारे में अच्छी जानकारी भी दे रहे है। वन आश्रित परिवारों की अतिरिक्त आय जैसे वनोपज का नाम और वृद्धिदर प्रतिशत में बताया गया है।

# यूक्रेन से 490 भारतीयों को लेकर पहुंचा दो विमान, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फूलों से किया स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की दो निकासी उड़ानें यूक्रेन में फंसे 490 भारतीय नागरिकों को लेकर रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट और हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से रविवार तड़के दिल्ली हवाईअड्डे पर पहुंचीं। भारत ने यूक्रेन में रूसी सेना के आक्रमण के बीच वहां फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए शनिवार को अभियान शुरू किया। पहली निकासी उड़ान एआई1944 से बुखारेस्ट से 219 लोगों को शनिवार शाम को मुंबई लाया गया।



अधिकारियों ने बताया कि दूसरी निकासी उड़ान एआई1942 बुखारेस्ट से रविवार तड़के करीब दो बजकर 45 मिनट पर 250 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली हवाईअड्डे पहुंची। उन्होंने बताया कि एअर इंडिया की तीसरी निकासी उड़ान एआई 1940 हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से रवाना हुई और रविवार सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर 240 लोगों के साथ दिल्ली हवाईअड्डे पर पहुंची।

एअर इंडिया ने कहा कि एअरलाइन की चौथी निकासी उड़ान के रविवार दोपहर बाद बुखारेस्ट से दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। प्रवक्ता ने बताया कि एअरलाइन की रविवार को बुखारेस्ट तथा बुडापेस्ट से दो और उड़ानों को संचालित करने की योजना है ताकि वे पांचवीं और छठी निकासी उड़ानें संचालित कर सकें लेकिन अभी यह संभावित है।

इससे पहले सुबह नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यूक्रेन से लौटे भारतीयों को गुलाब का फूल देकर हवाईअड्डे पर उनका स्वागत किया। स्वदेश लौटे लोगों से सिंधिया ने कहा कि मैं जानता हूं कि आप सभी बहुत, बहुत कठिन दौर से गुजरे हैं, बहुत कठिन समय रहा, लेकिन यह जान लीजिए कि प्रधानमंत्री हर कदम पर आपके साथ हैं। भारत सरकार हर कदम पर आपके साथ है और 130 करोड़ भारतीय हर कदम पर आपके साथ हैं।

यूक्रेन के अधिकारियों ने 24 फरवरी की सुबह यात्री विमानों के परिचालन के लिए अपने देश का हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था, इसलिए भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए ये उड़ानें बुखारेस्ट और बुडापेस्ट से परिचालित की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि जो भी भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से यूक्रेन-रोमानिया और यूक्रेन-हंगरी सीमा पर पहुंचे थे, उन्हें भारत सरकार के अधिकारियों की मदद से सड़क मार्ग से क्रमशः बुखारेस्ट और बुडापेस्ट ले जाया गया ताकि उन्हें एअर इंडिया की उड़ान के जरिए स्वदेश लाया जा सके।

सिंधिया ने बताया कि यहां पहुंचे यात्रियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के संपर्क में हैं तथा सभी की सुरक्षित वापसी के लिए बातचीत चल रही है।

उन्होंने बताया कि रूस की सरकार के साथ भी बातचीत चल रही है और भारत सरकार तभी चैन की सांस लेगी जब यूक्रेन से प्रत्येक भारतीय वापस आ जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसलिए कृपया यह संदेश अपने सभी मित्रों तथा सहकर्मियों तक पहुंचाएं कि हम उनके साथ हैं और हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की गारंटी देंगे। सिंधिया ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आपका स्वागत करता हूं। मैं एअर इंडिया की टीम को भी बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने आप सभी को वापस लाने के लिए इतना प्रयास किया।

# नौनिहालों को पिलायी गई पोलियो की दवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में बच्ची को पोलियो की खुराक पिला कर जिला स्तरीय पल्स पोलियो कार्यक्रम की शुरुआत की। जिले में आज रविवार 27 फ़रवरी से 1 मार्च तक चलने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक की आयु के 114099 नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायी जाने का लक्ष्य है।



जिसमें शहरी क्षेत्रों में 16732 और ग्रामीण क्षेत्र में 97367 लक्ष्य था। आज 98545 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गयी। जिसमें आज शहरी क्षेत्र के 13189 और ग्रामीण क्षेत्र के 85356 पात्र बच्चें है। जिन्हें पोलियो की खुराक दी गयी। जिले में कितने 1270 पोलियो बूथ और 2880 सेंटर पोलियो की खुराक देने स्थापित किए गए। इसके अलावा ट्रांजिट टीम तथा मोबाइल टीम गठित की गई। पल्स पोलियो अभियान पर निगरानी के लिए 391 सुपरवाईजर तैनात किए गए।

पल्स पोलियो बूथ पर दवा पिलाने के लिए कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। शुभारंभ के इस मौक़े पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.आलोक,मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. मंडपे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविन्द गुप्ता, कार्यक्रम प्रबंधक श्री रोहित कुमार वर्मा, डॉ. मुकुन्द राव घोड़ेसवार, स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष श्री दाऊलाल चन्द्राकर, पार्षद श्रीमती माधुरी सिक्का द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो दवा की दो बुंद पिलाई गई।

आर.एम.एन.सी.एच.ए. सलाहकार, डॉ. भूपेन्द्र सिन्हा, डॉ. अल्विया दास, श्री राकेश देवांगन, श्री के.के. पटेल, स् वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। ज़िले के आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक शाला, उप-स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर प्राथमिक, सामुदायिक, जिला अस्पतालों, मातृ शिशु अस्पतालों में पोलियो की खुराक पिलाई गई। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलायें। अभियान आज 27 फ़रवरी को पोलियो बूथ पर दवा पिलाने के बाद सोमवार 28 फ़रवरी एवं मंगलवार 1 मार्च को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर दस्तक देकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलायेंगे। कलेक्टर ने इस बात की सख्त हिदायत दी है कि कोई भी बच्चा दवा पीने से छूटने न पाए। पल्स पोलियो अभियान के लिए सभी खंड मुख्यालयों सहित बूथों में पोलियो वैक्सीन के पहुंचाने के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सभी बीएमओ अपने-अपने इलाके में निरंतर दौरा कर पल्स पोलियो अभियान पर निगरानी रख रहे थे ज़िले में अभियान के सफल संचालन की स्वास्थ्य विभाग व्यापक तैयारियां की गई। कोई भी बच्चा दवा पीने से ना छूटे इसका विशेष ख्याल रखकर ट्रांजिट व मोबाइल टीमें गठित की गई है। बाजार स्थल, कारखानों एवं खदानों में कार्यरत श्रमिक महिलाओं के बच्चों को पोलियो की खुराक देने के विशेष इंतजाम किए गए है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर नारायणी-चरामेति का संयुक्त आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के परिप्रेक्ष्य में नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तरीय स्वर्गीय प्रतिमा गांगुली स्मृति 'हमारे जीवन में विज्ञान का महत्व' विषयक निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में महाबीर उच्चतर माध्यमिक शाला की मेघा यादव प्रथम रही। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया की नियमित रूप से शालाओं के न लगने के बाद भी दस से अधिक शालाओं से पचास से ज्यादा प्रविष्टियां प्राप्त हुई। नारायणी की डॉ मृणालिका ओझा ने कहा कि संस्थान छात्रों में हर तरह की प्रतिभा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि ईश्वर सिंह दोस्त ने विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस प्रयास की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे इन्जी. ए. के. गांगुली ने प्रतिभागी समस्त छात्रों को शुभकामना देते हुए शिक्षा के प्रति रूचि बनाए रखने की प्रेरणा दी।

उपरोक्त निबंध प्रतियोगिता में डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल की अदिति मिश्रा एवं गुजराती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रेशमा सोनकर द्वितीय तो तृतीय स्थान पर वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल की महक परवीन, कालीबाड़ी स्कूल के वैभव निषाद, मदर्स प्राइड की श्रेया मिश्रा एवं संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की अर्पिता जयसवाल रहे। समस्त प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# केवीआईसी ने बांस उद्योग की उच्च लाभप्रदता के लिए बांस चारकोल पर निर्यात मनाही हटाने का प्रस्ताव रखा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने सरकार से बांस उद्योग में कच्चे बांस के इष्टतम उपयोग और उच्च लाभप्रदता के लिए बांस चारकोल पर निर्यात मनाही हटाने का अनुरोध किया है। भारतीय बांस उद्योग के सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बांस के अपर्याप्त उपयोग के कारण अत्यधिक उच्च इनपुट लागत है।

हालांकि, बांस चारकोल का निर्यात बांस अपशिष्ट का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करेगा और इस तरह बांस के व्यवसाय को अधिक लाभदायक बना देगा।

केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल को पत्र लिखकर बांस उद्योग के वृहद लाभ के लिए बांस चारकोल पर निर्यात प्रतिबंध हटाने की मांग की है।

भारत में, बांस का उपयोग अधिकांशतः अगरबत्ती के निर्माण में किया जाता है, जिसमें अधिकतम 16 प्रतिशत, अर्थात बांस की ऊपरी परतों का उपयोग बांस की छड़ियों के निर्माण के लिए किया जाता है, जबकि शेष 84 प्रतिशत बांस पूरी तरह से बेकार हो जाता है। अगरबत्ती और बांस शिल्प उद्योगों में उत्पन्न बांस अपशिष्ट का व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप, गोल बांस की छड़ियों के लिए बांस इनपुट लागत 25,000 रुपये से 40,000 रुपये प्रति मीट्रिक टन के बीच है, जबकि बांस की औसत लागत 4,000 रुपये से 5,000 रुपये प्रति मीट्रिक टन के बीच में है। इसकी तुलना में, चीन में बांस की कीमत 8,000 रुपये से 10,000 रुपये प्रति मीट्रिक टन है, लेकिन 100 प्रतिशत अपशिष्ट उपयोग के कारण उनकी इनपुट लागत 12,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रति मीट्रिक टन है।

केवीआईसी के अध्यक्ष सक्सेना ने कहा कि बांस का कोयला बनाकर बांस के अपशिष्ट का सबसे अच्छा उपयोग किया जा सकता है, यद्यपि घरेलू बाजार में इसका बहुत सीमित उपयोग है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी अत्यधिक मांग है। बहरहाल, भारतीय बांस उद्योग अपनी निर्यात मनाही के कारण इस अवसर का लाभ नहीं उठा पा रहा है। उद्योग के बार-बार के अनुरोधों पर विचार करते हुए केवीआईसी ने सरकार से बांस चारकोल पर निर्यात प्रतिबंध हटाने पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह न केवल उद्योग को विशाल वैश्विक मांग का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा, बल्कि बांस के अपशिष्ट के समुचित उपयोग से वर्तमान केवीआईसी इकाइयों की लाभप्रदता को भी बढ़ाएगा और इस तरह प्रधानमंत्री के अपशिष्ट से संपदा के विजन में योगदान देगा। उल्लेखनीय है कि बांस चारकोल की विश्व आयात मांग 1.5 से 2 बिलियन अमरीकी डालर के दायरे में है और हाल के वर्षों में 6 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बारबेक्यू के लिए बांस का कोयला लगभग 21,000 रुपये से 25,000 रुपये प्रति टन के हिसाब से बिकता है। इसके अतिरिक्त, इसका उपयोग मिट्टी के पोषण के लिए और सक्रिय चारकोल के निर्माण के लिए कच्चे माल के रूप में भी किया जाता है। अमेरिका, जापान, कोरिया, बेल्जियम, जर्मनी, इटली, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों में आयात की बढ़ती मांग नगण्य आयात शुल्क पर रही है।

## अब आसानी से कहीं भी करवाया जा सकता इलाज, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को मिली हरी झंडी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** केंद्र सरकार की कैबिनेट ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को मंजूरी दे दी है, जिसमें अगले पांच साल के लिए करीब 1,600 करोड़ रुपये का आर्थिक प्रावधान किया गया है। जानकारी के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को हरी झंडी दिखा दी गई। जिस कारण अब आपसे जुड़ी सभी स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां डिजिटल हो जाएगी।



खास बात तो यह है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की मदद से अब दूर दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक सुविधाएं पहुंचाना और भी आसान हो जाएगा। वहीं, मरीजों की जानकारी ऑनलाइन होने से उनका इलाज और भी बेहतर तरीके से हो पायेगा और साथ ही वे कहीं भी जा कर आसानी से अपना इलाज करवा पाएंगे। क्या है आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन भारत सरकार ने हेल्थ सेक्टर को डिजिटल करने के लिए इस मिशन के जरिए एक बेहतरीन कदम उठाया है। इसकी मदद से सभी मरीजों का एक हेल्थ आईडी कार्ड जनरेट किया जाएगा। जिस पर मरीजों के इलाज और उनकी दवाओं का पूरा डेटा उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी मदद से वो जहां चाहें जाकर अपना इलाज आसानी से करवा सकेंगे। इस व्यवस्था से आपको अब आपको फिजिकल फाइलें लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप मोबाइल के जरिये जब चाहें, जहां चाहें पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड देख सकेंगे। इस अकाउंट पर नेशनल डिजिटल हेल्थ सिस्टम की सभी सुविधाएं एक साथ ली जा सकेंगी।

### चैरिटेबल वेलफेयर ट्रस्ट ने राजिम मेला में बांटे 5000 मास्क

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला में कई ऐसे संस्था है जिनके लोक कल्याणकारी कार्य स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। ऐसा ही एक कार्य चैरिटेबल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा मेला में घूमने आए लोगों के लिए मॉस्क वितरण किया गया। ट्रस्ट के अमिताभ अग्रवाल ने बताया कि मास्क बांटने का उद्देश्य को बताते हुए कहा की लोगों को कोविड-19 व वायु प्रदुषण से बचने के लिए मास्क लगाना जरुरी है। मीडिया सेंटर में चर्चा के दौरान अमिताभ अग्रवाल ने बताया कि केदारनाथ त्रास्दी में स्व. आशुतोष अग्रवाल व स्व. अल्का अग्रवाल की मृत्यु हो जाने से उनकी स्मृति में अमिताभ अग्रवाल द्वारा संचालित चैरिटेबल वेलफेयर ट्रस्ट बनाया गया। यह ट्रस्ट अनेक जनकल्याणकारी व अनुकरणीय कार्य किये जा रहे हैं।








































## खास-खबर



### मंत्री के खिलाफ भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप, गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के खिलाफ भ्रामक खबर फैलाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पोर्टल संचालक पवन बंजारे को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भ्रामक खबर फैलाने के मामले में सिविल लाइन में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया और भ्रामक जानकारी फैलाने वाली धारा के तहत अपराध कायम किया। इसके पोर्टल के संचालक पवन बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंत्री ने अपने ट्वीटर अकाउंट में भी फेक न्यूज अलर्ट लिख कर खबर को पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि किसी दुर्भावना के तहत फैलाए जा रही इस झूठी खबर की मैं कड़ी निंदा करता हूं। साथ ही एफआईआर कर रहा हूं कि सायबर सेल मुझे बदनाम करने का षड्यंत्र कर रहे इन लोगों का राजफाश कर न्यायसंगत कार्रवाई करें।

### महादेव घाट खारून नदी में मिला नवजात का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के डीडी नगर थाना इलाके के महादेव घाट के पास नदी में नवजात का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद डीडी नगर थाने के पुलिस स्थल पर पहुंची और स्थानीय मछुआरों की मदद से नवजात के शव को बाहर निकलवाया। नवजात का शव दुपट्टे में लिपटा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### थाने के लॉकअप से हथकड़ी निकालकर आरोपी फरार

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के मौदहापारा थाने के लाकअप में बंद आर्म्स एक्ट का आरोपित हथकड़ी सरकाकर फरार हो गया। आरोपित के भागने के बारे में पुलिस को देर से जानकारी मिली। आरोपित लक्ष्मी नारायण प्रेषद रविवार की सुबह फरार होने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। आरोपित के लॉकअप से फरार होने पर पुलिस की लापरवाही दिखी।

### दो सूने मकान में चोरी करने वाले पांच चोर गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के पुरानी बस्ती में दो बंद घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चोरी के जेवर बरामद किए गए। चोरी का मास्टरमाइंड ओडिशा का निवासी वेद व्यास मेहर के साथ पुलिस ने मध्य प्रदेश के अलीराजपुर थान सिंह सिंगाड़, जितेंद्र मूवेल एवं कमरू भूरिया को गिरफ्तार किया। वहीं रायपुर के टिकरापारा निवासी रोमांचन देवांगन को भी गिरफ्तार किया गया। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने सिमरन सिटी निवासी अशोक सिंह के मठपुरैना टिकरापारा में ज्वेलर्स के दुकान में आरोपितों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अशोक सिंह के बड़े भाई लखपत सिंह का अवधपुरी भाठागांव में 10 दिन से बंद मकान का 24 फरवरी को ताला तोड़कर सोने एवं चांदी के जेवरात चोरी कर लिया था। अशोक सिंह और लखपत सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला।

# 2 टन लोहे और स्क्रैप के साथ 2 पकड़े गए फिर बढ़ने लगे अवैध लोहा खरीदी के मामले

**भिलाई (ए)। दुर्ग पुलिस ने रविवार को 2 टन लोहे के स्क्रैप से भरी पिकअप को पकड़ा, लेकिन इस चोरी के माल को खरीदने वाले कबाड़ी को छोड़ दिया। पुलिस ने स्क्रैप के साथ पकड़े गए मात्र दो आरोपियों के खिलाफही मामला दर्ज किया। थाना प्रभारियों की इसी तरह की गलत पुलिसिंग के चलते शहर में लोहा व स्क्रैप चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है और कबाड़ी धड़ल्ले से अपना कारोबार चला रहे हैं।**



जिले में लोहा और स्क्रैप चोरों का आतंक दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। जिले के अलग-अलग थानों में इसकी शिकायत दर्ज होती है, लेकिन थाना प्रभारी केवल चोरी के मामले की जांच करते हैं। चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामूली धाराओं के साथ केस दर्ज कर जेल भेज देते हैं, लेकिन उस चोरी को कराने वाले सरगना को छोड़ दे रहे हैं। कुछ ऐसा ही रविवार को भट्ठी थाने में हुआ। भट्ठी पुलिस ने रविवार को सेक्टर 1 मुर्गा चौक पर चोरी के स्क्रैप व लोहे से लदी पिकअप सीजी 07/1502 को रोका। पिकअप से 40 हजार रुपए कीमत का दो टन चोरी का कटिंग लोहा जब्त किया गया। भट्ठी पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों दुर्ग निवासी अजय साहू (36 साल) और राजीव नगर दुर्ग निवासी विकास गुप्ता (21 साल) गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ धारा 41, 379, 34 के तहत मामला दर्ज किया, लेकिन आरोपी यह लोहा दुर्ग के जिस नदीम कबाड़ी को बेचने जा रहे थे उसे छोड़ दिया गया। पुलिस ने नदीम कबाड़ी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया।

### प्रशांत अग्रवाल के जाते ही कबाड़ियों की चांदी

दुर्ग जिले में एसएसपी बीएन मीणा के पहले यहां के एसपी प्रशांत अग्रवाल थे। प्रशांत अग्रवाल ने जॉइन करते ही सभी अधीनस्थ अधिकारियों और टीआई को यह निर्देश दिया था कि अगर किसी के क्षेत्र कबाड़, जुआ या गैरकानूनी कृत्य होता पाया गया तो वह उसे सस्पेंड कर देंगे। उनके आदेश पर दुर्ग और भिलाई सभी कबाड़ियों की दुकान को सील कर दिया गया। इसके बाद अचानक ही उनका तबादला रायपुर कर दिया। उनके जाते ही रातों रात सभी कबाड़ियों की दुकानें खुल गईं और वह धड़ल्ले से चोरी का लोहा खरीद रहे हैं। पुलिस ने तब से लेकर आज तक किसी भी कबाड़ी के यहां न तो छापेमारी की और न ही उनका खरीदी बिक्री का लेखा जोखा देखा।

दुर्ग संभाग के आईजी ओपी पॉल और एसएसपी बीएन मीणा सख्त पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं। आईजी और एसएसपी ने जॉइन करते ही जिले में जुआ, सट्टा, मादक पदार्थों की बिक्री और चोरी का स्क्रैप खरीदने वाले कबाड़ियों को बंद करने के निर्देश दिए थे। उनके इस आदेश को उन्हीं के मातहत अधिकारी खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। जिले में यह सभी चीजें धड़ल्ले से फलफूल रही हैं। सुपेला, छावनी और भिलाई तीन थाना जुआ, सट्टा, कबाड़ और मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के गढ़ बन गए हैं।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा



**रायपुर ( ए )।** राजधानी में नशे की गोलियां, कफ सिरप और इंजेक्शन बेचने वाले ओडिशा से दो बड़े आरोपितों को पकड़ने के बाद पुलिस अब दूसरे आरोपितों को गिरफ्तार करने में जुट गई है। अवैध तरीके से नशे की दवा बेचने वालों पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर को लगाया है।

### मुखबिर की सूचना पर दे रही पुलिस दे रही दबिश

गश्त के साथ मुखबिर की सूचना पर पुलिस बताए गए स्थान पर दबिश दे रही है। 27 फरवरी को नया रायपुर के माना बस स्टैंड पास एक युवक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट लेकर कही जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना कैंप एलसी मोहले ने थाना प्रभारी माना कैंप शरद चंद्रा को आरोपित को टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने का निर्देश दिया।

### माना बस स्टैंड से आरोपित गिरफ्तार

मुखबिर की सटीक सूचना पर चिन्हांकित कर आरोपित को पकड़ा। आरोपित के पास से कार्टन में रखा 1900 नशे का टैबलेट पुलिस ने बरामद किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अल्ताफ रजा उर्फ विक्की टिकरापारा रायपुर का निवासी बताया। कार्टून की तलाशी लेने पर कार्टन में नाईट्रोसन -10 नामक प्रतिबंधित नशीली टैबलेट मिला।

दवाओं के बारे में कोई दस्तावेज नहीं देने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित ओडिशा में नारकोटिक्स एक्ट के मामले में जेल में निरुद्ध रह चुका है। आरोपित को पकड़ने में निरीक्षक शरद चंद्र थाना प्रभारी माना कैंप, उपनिरीक्षक सौमित्री भोई, सउनि. प्रमोद सिन्हा, आर अजय चौधरी, शिव पाटले, पवन त्रिपाठी एवं देवा नेताम की भूमिंका रहीं।

# मोटर साइकिल चोरी के तीन आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर ( ए )।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के तीन आरोपित को पकड़ा। उनके पास से चोरी गई बाइक जब्त की गई। थाना गौरेला के प्रभारी को 24 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि हर्राडीह में डायमंड उर्फ भोलू पिता बेचनलाल यादव (30) का अपने पास चोरी का मोटरसाइकिल रखा है और बांधामुड़ा तालाब के पास मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश रहा है।



इस पर थाना गौरेला की टीम ने घेराबंदी कर आरोपित डायमंड यादव को पकड़ कर एक नग एचएफ डिलक्स बाइक क्रमांक सीजी 10 एआर 8493 जब्त किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपित ने बताया की दर्री खाल्हेटोला निवासी शिवकुमार पोर्ते पिता बुधराम पोर्ते (32) तथा धरम कुमार पोर्ते पिता बुधराम पोर्ते (41) के पास भी चोरी की मोटरसायकल है इस पर दर्री खाल्हेटोला में कार्यवाही कर दो मोटरसायकल एक पैसन प्रो नीले रंग क्रमांक सीजी 10 ईएच 4842 एवं एक पैशन प्रो काले रंग की मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 12 एएक्स 3430 बरामद कर जब्त कर तीनों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

### पत्नी को प्रसव के लिए अस्पताल ले गया हाई कोर्ट कर्मी, मकान से 10 लाख के जेवर पार

**बिलासपुर ( ए )।** सकरी क्षेत्र के घुरू स्थित आरबी ग्रीन विहार कालोनी में रहने वाले हाई कोर्ट के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अपनी पत्नी को प्रसव के लिए अस्पताल लेकर गए। इस बीच चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर 200 ग्राम सोने के जेवर और दो लाख रुपये नकद पार कर दिए। उन्होंने घटना की शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जयंत कुमार साहू हाई कोर्ट में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हैं। शनिवार की दोपहर उनकी पत्नी किरण साहू को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर वे अपनी मां के साथ पत्नी को लेकर तारबाहर स्थित अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में पत्नी और मां को छोड़कर एक घंटे बाद घर लौटे। इस बीच चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर अंदर के कमरों में सामान बिखेर दिया था । साथ ही आलमारियों का ताला तोड़कर 200 ग्राम सोने के जेवर, चांदी के सिक्के, चांदी के जेवर और दो लाख र्स्पये नकद पार कर दिए थे। पीड़ित ने इसकी जानकारी सकरी थाने में की। इस पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। घटना की जानकारी होने पर सकरी थाना प्रभारी फैजुल शाह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आसपास के मकानों और दुकानों में लगे सीसीटीवी से फुटेज लिए हैं। चोरों ने एक घंटे के भीतर ही घटना को अंजाम दिया है।

# दोस्तों के साथ शिवरीनारायण मेले में घूमने गये युवक की चाकू गोदकर हत्या

**जांजगीर ( ए )।** जांजगीर जिले में चाकू गोदकर युवक की हत्या कर दी गई है। युवक अपने दोस्तों के साथ शिवरीनारायण मेले में घूमने गया था। इसी दौरान भीड़ में से किसी शख्स ने चाकू निकाला और मार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकला है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

खरौद गांव का रहने वाला राज देवांगन(25) रविवार शाम को अपने दोस्तों के साथ मेले में घूमने गया था। वो वहां पर अपने दोस्तों के साथ घूम रहा था। सभी मेले का आनंद ले रहे थे। मेले में काफी भीड़ थी। उसी दौरान शाम को 7 से 7.30 बजे के बीच भीड़ में से किसी शख्स ने चाकू निकाला



और राज के शरीर में कई वार किए, जिससे वह वहीं घायल होकर गिर गया।

घटना के वक्त उसके दोस्त इधर-उधर थे। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि किसी को ये पता ही नहीं चला कि हमला किसने किया है। हमले में राज बुरी तरह घायल हो गया था। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। राज को तुरंत ही पहले शिवरीनारायण के अस्पताल ले जाया गया था। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बिलासपुर रेफर किया गया था। बिलासपुर ले जाने के दौरान ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि उसके शरीर के कई हिस्सों से काफी खून बह चुका था। जिसके चलते उसकी जान चले गई।

इधर, घटना के बाद इसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई है। पुलिस ने इब इस मामले में अज्ञात हमलावर के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। शव का सोमवार को ही पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। वहीं पुलिस उसके दोस्तों से भी इस केस में पूछताछ कर रही है। फिलहाल इस केस में और ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है।




























## खास - खबर

### आयुक्त हरेश मंडावी सहित निगम के अधिकारियों ने चलाया चाक, बनाये फ़्लावर पाट और दीये

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग का राजेन्द्र पार्क में भव्य फ्लावर शो में निगमायुक्त हरेश मंडावी सहित निगम के स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान ने के डी पब्लिक स्कूल मीनाक्षी नगर के द्वारा रखे कुम्हार के चाक से फ़्लावर पाट एवं दीया समेत अन्य सामान बनाने का सफल प्रयास किया।विधायक अरुण वोरा के मंशा के अनुरूप एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व एवं पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा के प्रयास से आयोजित सफल इस वर्ष के तीसरे भव्य फ्लावर शो में शासन की योजनाओ को प्रमुखता से मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया। नगर निगम दुर्ग द्वारा आयोजित फ्लावर शो में मिट्टी से दीया, घड़ा आदि बर्तन बनाने वाले कुम्हार परिवार के द्वारा राजेंद्र पार्क में चाक स्थापित किया गया था उस चाक से मिट्टी के दीया,घड़ा आदि को आकार दे रहे थे इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित निगम आयुक्त हरेश मंडावी और गिरीश दीवान स्वस्थ प्रभारी ने चाक चलाकर फ़्लावर पाट एवं दिया बनाने का सफल प्रयास किए।

### हैचरी यूनिटों की बन रही श्रृंखला से ग्रामीण महिलाएं भी बन रही उद्यमी

**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग ने हैचरी यूनिट के माध्यम से एक नए अध्याय की शुरुआत की है। जिले के तीनों विकासखंड में गौठान को चिन्हित कर कुकुट पालन के साथ हैचरी यूनिट की शुरुआत भी की गई है।जिसके लिए दुर्ग विकासखंड में थनौद, पाटन में गाड़ाडीह व धमधा में बोरी में हैचरी यूनिट की स्थापना की गई है। हैचरी यूनिट के माध्यम से एक पारिस्थितिक तंत्र स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें अंडे से चूजें तो निकलेंगे ही और भविष्य में एक ऐसे चक्र का निर्माण किया जाएगा जिसमें मुर्गियों से अंडे प्राप्त कर एक पूर्ण चक्र निर्मित किया जा सके, जैसा कि बड़े-बड़े पॉल्ट्री प्लेटफार्मों में किया जाता है। जिले में विभाग द्वारा गौठान में जों विभिन्न नवाचार अपनाये जा रहें हैं और जिस पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण किया जा रहा है , नि:संदेह इससे गौठान में कार्य करने वाली महिलाओं और स्व सहायता समूह की तस्वीर और तकदीर दोनों में बदलाव आएगा।दुर्ग जिला पंचायत ने शासन की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना को एक नई दिशा दी है।जिला पंचायत अपने प्रयोगों से लगातार साबित कर रहा है कि वह योजनाओं के साथ नवाचार का समावेश करने में राज्य में सबसे आगे है।

### बर्नपुर इस्पात संयंत्र इस्को द्वारा अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** बर्नपुर इस्पात संयंत्र इस्को द्वारा 2 मार्च से 7 मार्च 2022 तक बर्नपुर में अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग लेने के लिये 28 फरवरी को बर्नपुर रवाना होगी। शनिवार को भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम की घोषणा की गई जिसमें 9 संयत्र कर्मी एवं 7 वाड्र्स का चयन किया गया।

17 एवं 18 फरवरी को चयन प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमे से 16 का चयन किया गया। टीम इस प्रकार से है प्रोतिम घोष, जियाउद्दीन अंसारी, लालजीत, ललित, मटू, धनंजय हांसदा, दुर्गा चरण, अजय, अनूप (सभी बीएसपी) रविन्द्र, शशि, शाश्वत दीक्षित, जतिन, सुमित गोस्वामी, सिद्वार्थ दुबे और युवान (सभी वाड्र्स) टीम के कोच अब्दुल गफ्फार, मैनेजर अजय मिश्रा एवं निर्णायक के रूप में एस डी बर्मन होंगे। चयनित टीम को साहिराम जाखड़ एवं अभिजीत भौमिक (उप प्रबंधक खेल सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) द्वारा किट वितरित किया गया।

# छत्रपति शिवा जी मानव समाज के लिये एक आदर्श हैं-ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती एवं मूर्ति अनावरण समारोह का आयोजन दुर्गग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम थनौद में रखा गया।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रीय समाज (छ.ग.) विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शालनी रिवेन्द्र यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, मोहन हरमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केशव बंटी हरमुख, सभापति जनपद सदस्य हरेन्द्र देव, सरपँच जागेश्वरी धन्नू गौतम,जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, राकेश हिरवानी, दीपिका चन्द्राकर, डुमेश्वरी देशमुख, हेमकुमारी देशमुख की उपस्थिति में महाराज छत्रपति शिवाजी का मूर्ति का अनावरण किया गया। ततपश्चात सामज के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया । सामज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अध्यक्षता कर रहे डॉ राजेन्द्र हरमुख छत्रपति वीर शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील युवाओं से की। वीर शिवाजी की तरह ही प्रत्येक युवा को अपने देश को आन, बान, शान बनाए रखने के लिए जीना चाहिए। उन्होंने महाराज छत्रपति शिवा जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मंत्री श्री साहू ने कहा कि छत्रपति शिवा जी मानव समाज के लिये एक आर्दश है। महाराज छत्रपति शिवा जी ने देश प्रेम देश के प्रति समर्पण की भावना थी उनके आर्दशों पर हम सब चले उन्होंने आगे कहा कि हम अपने जीवन मे बड़े महापुरुषों के मार्ग पर उनके बातये हुये मार्ग का अनुसरण अपने जीवन मे करना चाहिए ।कुर्मी सामज का योगदान सदैव ही शिक्षा, व्यपार ,राजनीति सामज के क्षेत्र में हमेशा अनुकरणीय रहा है। कार्यक्रम में सामज के प्रमुख पार के वरिष्ट जनों का सम्मान एवं सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व साल श्री फल से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मदन देशमुख, संजय देशमुख, मिलाप देशमुख, मेघेन्द्र देशमुख, ओम बाई देशमुख, शेषनारायण हरमुख, चुन्नी लाल हरमुख, धनेश देशमुख, पुकेश चन्द्राकर, डिलेश्वरी देशमुख, राजुलाल देशमुख सहित समाज के प्रमुख जन व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि महोत्सव लोक आंगन परिसर में नई अनुभूति की नई दिशा भव्य अभूतपूर्व लेजर शो झांकी



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में आयोजित पांच दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष एवं महाशिवरात्रि महोत्सव लोक आंगन परिसर में नई अनुभूति की नई दिशा भव्य अभूतपूर्व झांकी का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद रिकेश सेन, भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका आशा दीदी ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया।

झांकी में बने अध्यात्म एवं विज्ञान पर आधारित मॉडल्स एवं चित्र प्रदर्शनी मानव जीवन में सकारात्मकता, तनावमुक्त जीवनशैली, श्रेष्ठ विचारों से सुखमय संसार, राजयोग द्वारा मानसिक शांति एवं एकाग्रता को समझते हुए विशाल पर्वत श्रृंखला से बहते हुए झरने से प्रकट होते विभिन्न धर्मों में वर्णित महाज्योति, ज्योतिलिंग, प्रकाश स्वरूप को सुंदर लाईट एन्ड साउंड के समन्वयन द्वारा सभी धर्मों के प्रतिनिधि हम सब एक है का संदेश दे रहे है। जिसमें धरती से प्रकट होता शिवलिंग और लेज़र शो सभी को रोमांचित कर रहा है। झांकी अवलोकन के पश्चात विशालकाय शिवलिंग पर बेलपत्री एवं संकल्पों द्वारा अपनी बुराइयों ,अवगुणों रूपी अकधतुरा को अर्पित कर रहे है। यह झांकी सर्व के दर्शनार्थ निशुल्क 2 मार्च बुधवार तक संध्या 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक रहेगी।

# लक्ष्मण हावरे द्वारा देहदान की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। शंकर नगर निवासी लक्ष्मण हावरे ने अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के जितेंद्र कारिया,रितेश जैन, हरमन दुलाई, प्रभुदयाल उजाला ,चन्दन मिश्रा,सुरेश जैन को सौंपी, श्री हावरे की पुत्री मीना विंचुकर,दामाद मधुकर राव विंचुकर,नातिन कल्याणी वसीयत के साक्षी बने। लक्ष्मण हावरे के पारवारिक मित्र मोहम्मद भाई ने बताया।



पूर्व में टेलरिंग का कार्य करते थे किन्तु कुछ वर्षो से उनका स्वास्थ ठीक नहीं है जिसके चलते घर पर ही हैं व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद लक्ष्मण भाई ने अपने देहदान की इच्छा वयक्त की जिस पर मोहम्मद भाई ने नवदृष्टि फाउंडेशन के जितेंद्र कारिया से सम्पर्क कर देहदान की प्रक्रीया पूर्ण की। लक्ष्मण हावरे ने कहा समाज के लिए वह बहुत कुछ नहीं कर पाए पर अब वह जाते जाते अपनी देहदान कर समाज के प्रति अपना दायित्व निभा रहे हैं मुझे सुकून मिलेगा की मेरे मरने के बाद मेरा शरीर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों की रिसर्च के काम आएगा व समाज को प्रशिक्षित डॉक्टर मिलेंगे।

जितेंद्र कारिया ने कहा हमारी संस्था के प्रयास से अब यह मुहीम पाश कालोनियों से स्लम एरिया व छोटी बस्तियों में भी लोगों को जागरूक कर रही है यह संतुष्टि की बात है जिसके बेहतर परिणाम भविष्य में होंगे , सुरेश जैन न कहा कोरोना संक्रमण कम होते ही अब हमारी संस्था देहदान व नेत्रदान जागरूकता हेतु सक्रीय हो चुकी है एवं लोग भी लगातार देहदान व नेत्रदान हेतु अपना सहयोग दे रहे हैं

नवदृष्टि फाउंडेशन के अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया,सूरज साहू ,हरमन दुलई,प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,सत्येंद्र राजपूत,गोपी रंजन दास,विकास जायसवाल पियूष मालवीय, मुकेश राठी, उनके देहदान के निर्णय को सराहा।

# टाउनशिप में बीएसपी ने किया त्रि-दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पोलियो टीकाकरण अभियान का लक्ष्य है पोलियो मुक्त विश्व। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भिलाई में पोलियो उन्मूलन हेतु बीएसपी के जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के शिशु रोग विभाग तथा बीएसपी के जन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से भिलाई टाउनशिप में 27 फरवरी से 1 मार्च 2022 के मध्य राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण का आयोजन किया गया है।



इसका शुभारम्भ आज दिनांक 27 फरवरी, 2022 को किया गया। पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है सभी बच्चों को पोलियो के खिलाफ प्रतिरक्षित किया जाना। टीकाकरण कार्यक्रम का बारम्बार आयोजन भी इसी उद्देश्य से किया जाता है। आज प्रात: पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने जेएलएन अस्पताल में पोलियो ड्राप पिलाकर की7 इस अवसर पर ईडी (एम एंड एचएस) डॉ एस के इस्सर, सीएमओ द्वय डॉ एम रवींद्रनाथ व डॉ प्रमोद बिनायके उपस्थित थे। भिलाई के 78 बूथों पर 0-5 वर्ष के बीच के बच्चों को ओरल पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। एएफ्पी के मामलों की निगरानी के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से जेएलएन अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र के शिशु रोग विभाग में एक संवेदनशील और मजबूत निगरानी व्यवस्था पहले से ही मौजूद है। ईडी (एम एंड एचएस) डॉ एस के इस्सर, सीएमओ द्वय डॉ एम रवींद्रनाथ व डॉ प्रमोद बिनायके के मार्गदर्शन में भिलाई टाउनशिप में बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पल्स पोलियो टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है। पल्स पोलियो राष्ट्रीय कार्यक्रम के ओरल पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत कवरेज प्राप्त करने के उद्देश्य से, बीएसपी की पीडियाट्रिक्स टीम ने अथक प्रयास किया है।

जिसके फलस्वरूप इसका सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में डॉ संबिता पंडा (एडीशनल सीएमओ और एचओडी, शिशु रोग विभाग), डॉ एन एस ठाकुर (एडीशनल सीएमओ), डॉ सुबोध साहा (एडीशनल सीएमओ), डॉ संजीबनी पटेल, डॉ मीता सचदेव, डॉ नूतन वर्मा, डॉ कौशिक किशोर, डॉ वृंदा शखरे, डॉ माला चौधरी, डॉ सुभस्मिता पटनायक, डॉ रुचिका ताम्रकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

# निगम के भव्य फ्लावर शो में उमड़ी भीड़, विधायक, महापौर सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थितजनों ने उठाया लुफ्त

## भव्य फ़्लावर शो: रंग बिरंगे खूबसूरत फूलों ने लोगों का मनमोह लिया, सेल्फी ज़ोन में उमड़ी भीड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम द्वारा शहर विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में निगम द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व एवं पर्यावरण प्रभारी श्रीमती सत्यवती वर्मा के निरंतर सक्रियता से तीसरी बार राजेंद्र पार्क में भव्य फ्लावर शो का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।



फ्लावर शो के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव,आयुक्त हरेश मंडावी,पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर,कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में समस्त एमआईसी सदस्य गण पार्षद गण,एल्डरमेन और सैकड़ो की संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।इस मौके पर विधायक अरुण वोरा ने कार्यक्रम के संबंध में बताया कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यावरण का संरक्षण और उनके स्वास्थ्य के प्रति मनोरंजन के प्रति भी हमारा दायित्व बनता है इस कार्य को आज नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में राजेंद्र पार्क में तीसरी बार भव्य फ़्लावर शो का कार्यक्रम आयोजित कर कुछ दायित्व को निभाने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप दुर्ग शहर में सड़कों का सुंदरीकरण चौड़ीकरण कार्य के लिए राशि प्रदान की गई इसी के साथ दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में पर्यटक स्थल के रूप मे ठगड़ा बांध को विकसित किया जा रहा है इस तरह से शहर में आप विकास कार्य नजर आ रहा है।

इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद नगर निगम द्वारा यह तीसरी बार मनोरंजन के कार्य के तहत या भव्य फ्लावर शो का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# गांव से लेकर शहर के बूथों तक सुने गए पीएम मोदी की मन की बात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** माह के अंतिम रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम से आम जनों को जोड़ने भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश अनुसार आज पूरे जिले भर के 13 मंडलों में भाजपा गांव से लेकर शहर तक बूथों व चौपालों मे व कार्यकर्ताओं के घर बैठकर प्रधानमंत्री जी की मन की बात का लाइव प्रसारण देखा और उनके बताए ज्ञानवर्धक व प्रेरणादाई बातो से अवगत तथा पीएम द्वारा वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के अपील पर अमल करने का संकल्प लिया गया।

मन की बात कार्यक्रम के तहत शहर के चंडी शीतला मंडल मे शंकर नगर वार्ड 10 व मोहन नगर वार्ड 13 आयोजित कार्यक्रम में जिला भाजपा मंत्री व जिला कार्यक्रम प्रभारी दिनेश देवांगन व मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर महामंत्री बंटी चौहान,पार्षद अजित वैद्य,प्रभारी वीरेंद्र तन्ना,अरुण अग्रवाल,निशिकांत मिश्रा, सुरेश शर्मा,आशीष तिवारी, सन्नी कहार,दीपक साहू,महेश देवांगन, शामिल हुए इसी प्रकार शहर के विभिन्न बूथों पर भाजपा पदाधिकारी पार्षद व कार्यकर्ताओ ने टीवी मोबाईल के जरिए सार्वजनिक रूप से आम लोगो के बीच बैठकर मन की बात कार्यक्रम मे शामिल हुए सिकोला भाठा पटरी पार मंडल मे लुकेश बघेल,पार्षद कांशीराम कोसरे, पांडे अमृत महोबिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के 52वॉ वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री गृहमंत्री

# चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज शिक्षा, कृषि, व्यवसाय सहित अन्य क्षेत्रों में अग्रणी रहा है- ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। प्रदेश के लोक निर्माण, गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू बालोद तहसील के ग्राम जुंगेरा में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के 52वॉ वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने मंत्री श्री साहू का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री साहू ने सफल आयोजन के लिए समाज को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।



उन्होंने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज शिक्षा, कृषि, व्यवसाय आदि सभी क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ-साथ नागरिकों की बेहतरी के लिए कई निर्णय लिए हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने सुराजी गॉव योजना संचालित है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत दो रूपए प्रति किलोग्राम की दर से गोबर खरीदी की जा रही है। वर्मी कम्पोस्ट फसलों के लिए लाभकारी है।

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने भी चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम को संबोधित कर सफल आयोजन के लिए समाज को बधाई एवं शुभकामनाए दी। उन्होंने राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ उठाने प्रेरित किया। समाज की ओर से मंत्री ताम्रध्वज साहू और मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी चन्द्राकर, महिला अध्यक्ष उषा चन्द्राकर, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय चन्द्राकर, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर, जिला किसान अध्यक्ष दुर्ग पुकेश चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, कुंदन चन्द्राकर, दीनानाथ चंद्राकर, सहित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# भाजपा आईटी और सोशल मीडिया की प्रथम कार्यसमिति बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिले की आईडी और सोशल मीडिया की प्रथम कार्यसमिति बैठक दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में आईटी सेल जिला संयोजक राजा महोबिया के अध्यक्षता में संपन्न हुई आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री उषा टावरी ,भाजपा जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, भाजपा जिला मंत्री मनोज मिश्रा, आईटी सेल संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारी अभिजीत पांडेय, सोशल मीडिया संभाग प्रभारी मिठूल कोठारी, दुर्ग जिला सोशल मीडिया प्रभारी रवि मिश्रा ,भाजयुमो जिला अध्यक्ष नितेश साहू उपस्थित रहे आयोजित बैठक में वरिष्ठ नेताओं के द्वारा आगामी चुनाव और संगठनात्मक दृष्टिकोण से सोशल मीडिया और आईटी सेल की भूमिका को लेकर विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश जारी किया गया।

आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री उषा टावरी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख हथियारों में से एक आईटी और सोशल मीडिया विंग है जिसमें इनकी भूमिका माहौल और चुनाव की दृष्टिकोण को निर्धारित करती है मंडल स्तर से आए हुए हमारे आईटी और सोशल मीडिया के संयोजक अब हम बूथ स्तर तक कि लडाई को और मजबूत करते हुए कमर कसकर तैयार होना है और भारतीय जनता पार्टी को वापस प्रदेश में सिरमौर बनाना है।

भाजपा जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका हर पार्टी में है लेकिन भारतीय जनता पार्टी मे आईटी सेल एवं सोशल मीडिया की भूमिका 2014 के चुनाव के बाद अहम हो गई है पहले से अन्य पार्टीया हल्के में लेती थी लेकिन इस चुनाव के बाद इसे अपना प्रमुख अंग मानती हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लेकर अपनी समर्पण और विचार को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रकट करते हुए पार्टी को और मजबूत करता है आप सभी पार्टी के एक कर्मठ कार्यकर्ता हैं और आपका एक-एक सहयोग पार्टी को वापस सिरमौर राज्य में बनाएगी

आईटी सेल के संभाग प्रभारी अभिजीत पांडेय के द्वारा संगठनात्मक विषयों को लेते हुए कहां की पार्टी की कोरोना काल के समय सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर पार्टी की बैठकों को आयोजित करने में बड़ी भूमिका रहती थी निश्चित तौर पर सभी ने कड़ी मेहनत की और आप सभी आगामी दिनों में और कड़ी मेहनत करते हुए भाजपा की जीत में अपनी भूमिका अहम निभानी है। सोशल मीडिया संभाग प्रभारी मिठूल कोठारी ने संगठनात्मक विषयों को लेते हुए कहा कि आने वाले दिनों में हमें बूथ स्तर तक अपनी ताकत को मजबूत करना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950